दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क
www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 2 | अंक: 343 जयपुर, गुरुवार, 23 नवंबर, 2023 | कार्तिक, शुक्ल पक्ष- एकादशी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## अगर गलत वोट पड़ गया
### तो ये सब योजनाएं बंद हो जाएंगी

- चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा
- ओल्ड पेंशन स्कीम (OPS)
- फ्री स्मार्टफोन योजना
- ₹500 में गैस सिलेंडर
- फ्री अन्नपूर्णा राशन किट
- 100 यूनिट फ्री बिजली
- किसानों को 2000 यूनिट फ्री बिजली

## सही वोट देने पर लाभ

- 10,000 रुपए हर साल
  घर की महिला मुखिया को
- हर बच्चे को अंग्रेज़ी माध्यम शिक्षा
- कॉलेज विद्यार्थियों को पहले साल में फ्री लैपटॉप
- जातिगत जनगणना
- ₹500 में गैस सिलेंडर - 1.04 करोड़ परिवारों को
- पशुपालकों से गोबर की खरीदी
- ₹15 लाख का आपदा राहत बीमा
- फसल के सही दाम के लिए MSP कानून



## जरूरी खबर

### मतदान केंद्रों वाले विद्यालयों में कल रहेगा अवकाश



**बेधड़क, जयपुर।** जयपुर जिले में विधानसभा आम चुनाव-2023 के तहत मतदान दिवस 25 नवंबर 2023 को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया था। इसी क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने एक आदेश जारी कर जिन विद्यालयों को मतदान केंद्र बनाया गया है, उन विद्यालयों में 24 नवंबर, 2023 को स्थानीय अवकाश घोषित किया है।

### मोदी से जहां लोगों की उम्मीद खत्म, वहां कांग्रेस से शुरू

**बेधड़क, जयपुर।** प्रदेश में चुनावों में नेताओ के बयानो को लेकर वार-पलटवार जारी हैं। प्रदेश कांग्रेस सेंट्रल वॉर रूम के को-चेयरमैन और सीएम अशोक गहलोत के ओएसडी लोकेश शर्मा ने जहाजपुर और सागवाड़ा में दिए पीएम मोदी के बयानों को लेकर उन्हें घेरा है। उन्होंने कहा कि जहां प्रधानमंत्री मोदी फेल हुए, वहां कांग्रेस ने काम किया। जहां पीएम मोदी से जनता की उम्मीदें खत्म होती है, वहां कांग्रेस से शुरू होती है। उन्होंने कहा कि मोदी देश को 25 लाख रुपए के मुफ्त इलाज का सुरक्षा कवच नहीं दे पाए, लेकिन राजस्थान ने इसे बढ़ाते हुए अब 50 लाख रुपए करने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री पहले अपने हर साल 2 करोड़ रोजगार वाले वादे के तहत 9 साल के हिसाब से 18 करोड़ रोजगार देकर देश के बेरोजगारों की सुध ले।

### सतरंगी सप्ताह के तहत स्टेच्यू सर्किल पर दीपदान किया



**बेधड़क, जयपुर।** जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से आयोजित किए जा रहे सतरंगी सप्ताह के अंतिम दिन बुधवार को दीपदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित के निर्देशन में आयोजित किए जा रहे सतरंगी सप्ताह के सातवें एवं अंतिम दिन स्टेच्यू सर्किल पर दीपदान किया। 'लालच पर होगी चोट, सोच समझकर करेंगे वोट' थीम पर आयोजित कार्यक्रम में जिला स्वीप आईकॉन अक्षय भटनागर सहित सैकड़ों आमजन ने भाग लिया। इस दौरान जिला स्वीप टीम द्वारा तैयार किया गया रोशनी से जगमग वोट वृक्ष हर किसी के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। प्रतिभागी वोट वृक्ष के साथ सेल्फी लेते नजर आए।

**पूर्वी राजस्थान:** ईआरसीपी मुद्दे की चमक डालेगी राजस्थान के विधानसभा चुनाव के नतीजों पर असर

# कांग्रेस और भाजपा के लिए 83 सीटें बनी प्रतिष्ठा का प्रश्न

बेधड़क | जयपुर

क्या एक बार फिर विधानसभा चुनाव में सरकार बनाने की जीत का सूरज पूर्वी राजस्थान से ही उगेगा। ईआरसीपी मुद्दे की चमक चुनाव नतीजों पर कितना असर डालेगी। यह सवाल प्रदेश के राजनीतिक जगत को मथ रहे हैं।

कांग्रेस ईआरसीपी मुद्दे को लेकर अटैकिंग पॉलिटिक्स के मूड में है तो भाजपा डिफेंसिव पॉलिटिक्स करके इस गेंद को वापस कांग्रेस के पाले में डालने की भरसक कोशिश में जुटी है। दोनों के बीच 13 जिलों की 83 सीटों पर बढ़त बनाने की लड़ाई चल रही है। कांग्रेस गत चुनाव में यहां की 49 सीटों पर जीत के आंकड़े को दोबारा दोहराने के लिए पूरी ताकत लगाए हुए है, वहीं भाजपा यहां कांग्रेस को पटखनी को देकर गत चुनाव में जीती 25 सीटों के आंकड़े को दुगना करने के लिए रणनीति बना रही है।



### ये 13 जिले ईआरसीपी से प्रभावित

ईआरसीपी परियोजना से 13 जिलों सवाईमाधोपुर, अजमेर, टोंक, जयपुर, दौसा, झालावाडा, बांरा, कोटा, बूंदी, करौली, अलवर,भरतपुर, धौलपुर को लाभ मिलेगा। ईआरसीपी की डीपीआर में पहले 26 बांध जोड़े गए थे लेकिन राज्य सरकार ने बजट घोषणा के जरिए दौसा, अलवर, सवाई माधोपुर, भरतपुर के 53 बांधों को और जोड़ दिया। इससे ने केवल 13 जिलों में पेयजल मिलने से लोगों की प्यास बुझेगी बल्कि दो लाख हेक्टर क्षेत्र में नवीन सिंचाई क्षेत्र डेवलप किया जाएगा।

### कांग्रेस का मोदी और भाजपा पर निशाना

कांग्रेस का आरोप है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने का वादा किया था, लेकिन उसे पूरा नहीं किया। इस मुद्दे को हवा देने के लिए कांग्रेस 13 जिलों में जन जागरण यात्रा निकाल चुकी है। दूसरी ओर, भाजपा ईआरसीपी के मुद्दे की गेंद कांग्रेस के पाले में डालना चाह रही है। उसका आरोप है कि राज्य सरकार ने मध्य प्रदेश सरकार से बात कर इस परियोजना का पूरा खाका तैयार नहीं किया।

### पिछले चुनाव में ये रही स्थिति

दरअसल प्रदेश की 200 में से 83 विधानसभा सीट इन 13 जिलों में है और प्रदेश की करीब 41.13 प्रतिशत आबादी इन जिलों में रहती है। वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव इन 83 विधानसभा सीटों में करीब 60 प्रतिशत लोगों ने कांग्रेस को चुना था। टोंक, सवाई माधोपुर, दौसा, अलवर, भरतपुर, धौलपुर, करौली जिले की 39 विधानसभा सीटों में से 25 सीटों पर कांग्रेस को जीत मिली थी, वहीं 5 पर बीएसपी, 4 पर निर्दलीय और एक आरएलडी प्रत्याशी चुनाव जीता था। बसपा का कांग्रेस में विलय हो गया था और आरएलडी व निर्दलीय विधायकों ने कांग्रेस को समर्थन दे दिया था। इस तरह इन 7 जिलों की 39 सीटों में से 35 सीटों पर कांग्रेस का वर्चस्व रहा। कांग्रेस ने शेष 10 सीट अन्य जिलों से जीती। वहीं, भाजपा के खाते में 83 में से केवल 25 सीटें आई थीं।

**मनोहरपुर-शाहपुरा की चुनावी सभा में** प्रियंका ने उठाया सवाल

# PM मोदी मणिपुर नहीं गए, लेकिन मैच देखने अहमदाबाद पहुंच गए

बेधड़क | जयपुर

विधानसभा चुनाव में प्रचार के लिए पार्टियों ने पूरी ताकत झोंक दी है। नेता एक-दूसरे पर जमकर जुबानी हमला बोल रहे हैं। इस बीच कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने पीएम मोदी से सवाल किया कि मोदीजी कहते हैं कि वे फकीर हैं तो इनके कार्यकाल में भाजपा सबसे अमीर पार्टी कैसे बन गई?

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और केंद्र सरकार ने बड़े उद्योगपतियों का कर्ज माफ कर दिया, लेकिन गरीबों की उपेक्षा की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की नीयत ठीक नहीं, मोदीजी की नीयत ठीक नहीं।' कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने बुधवार को शाहपुरा के मनोहरपुर में कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया।

उन्होंने कहा, आज पूरे देश में जो भाजपा की सारी सरकारें चल रहे हैं वे सब सिर्फ बड़े-बड़े उद्योगपतियों के लिए चल रही हैं। आज मध्यम वर्ग, गरीब, किसानों की उनकी सरकारों में कोई सुनवाई नहीं है। प्रियंका ने राजस्थान सरकार के महंगाई राहत कैंप का जिक्र करते हुए कहा कि राजस्थान में राज्य सरकार ने लोगों को महंगाई से राहत दिलवाई है। प्रियंका गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हिंसा प्रभावित मणिपुर नहीं गए, लेकिन अहमदाबाद में क्रिकेट विश्वकप का फाइनल मैच देखने पहुंच गए ताकि हमारी टीम जीते तो वे कुछ श्रेय ले सकें। प्रियंका ने कहा कि मोदी वहां नहीं जाते जहां संकट होता है। मोदीजी वहां पहुंचे कि यदि हम जीत जाएं तो उस जीत का श्रेय थोड़ा उनको भी मिल जाए। यदि हम जीतते तो सारी मीडियाबाजी करते, 'इवेंट' करते। मोदीजी इस तरह की चीजों में पहुंच सकते हैं जहां हमारा मान सम्मान बढ़ रहा हो, जहां हमारी टीम मेहनत कर रही है, लेकिन जहां संकट होता है वहां नहीं पहुंचते।'

## मोदीजी के कार्यकाल में भाजपा कैसे बन गई सबसे अमीर पार्टी!



### चूरू नहीं पहुंच पाई, वॉयस मैसेज भेजा

इससे पूर्व प्रियंका गांधी चूरू में भी सभा करने वाली थीं, लेकिन हेलिकॉप्टर खराब होने की वजह से वे पहुंच नहीं पाईं। इस सभा के लिए प्रियंका ने वॉयस मैसेज भेजा, जिसे सभा में सुनाया गया। इस मैसेज में प्रियंका ने सभा में नहीं आने पर माफी भी मांगी।

### जहां भाजपा, वहां ज्यादा बेरोजगारी

प्रियंका गांधी ने कहा कि देश में देखें तो जहां भाजपा की सरकारें हैं, वहां 45 साल में सबसे ज्यादा बेरोजगारी है। राजस्थान में मुख्यमंत्री ने दो लाख रोजगार दिलवाए हैं, 40 हजार रोजगार प्रक्रिया में हैं। इधर, मध्य प्रदेश में 18 साल से भाजपा सरकार है। तीन साल में 21 रोजगार दिए हैं। प्रियंका ने छत्तीसगढ़ में इंग्लिश मीडियम स्कूल हैं। इस बात पर गहलोत से पूछा तो उन्होंने कहा कि यहां तो गांव-गांव में इंग्लिश मीडियम स्कूल हैं। मध्य प्रदेश में स्कूल बंद हो रहा है। जीएसटी की वजह से सब कुछ महंगा हो रहा है। ये टैक्स प्रदेश सरकार के पास नहीं, केंद्र सरकार के पास जा रहा है। अब टैक्स से काम तो होना चाहिए।

### ओपीएस पर कानून बनाने का वादा

प्रियंका ने कहा कि ओपीएस के लिए कानून बनाया जाएगा। सरकारी कर्मचारी के थोड़े-थोड़े पैसे सरकार पेंशन के लिए निकालती है, लेकिन केंद्र सरकार पेंशन का पैसा लेकर निवेश कहीं और कर रही है। कर्मचारियों की पुरानी मांग है कि हमारी पेंशन हमें मिल जाए। उन्होंने कहा कि कितने जवान सरहदों पर देश की रक्षा कर करते हैं। उनकी भावना होती है कि जान चली जाए, लेकिन देश की रक्षा करेंगे। सबसे ज्यादा सैनिक राजस्थान ने दिए हैं। सेना में भर्ती होने पर नौजवान खुश होता है, लेकिन भाजपा वाले अग्निवीर ले आए। इसमें चार साल के लिए भर्ती होगी। जो जवान चार साल बाद घर आएगा वह वापस बेरोजगार हो जाएगा।

**कांग्रेस को दो नोटिस,** CM का पलटवार

# भाजपा जनता के हक की बात का हमेशा करती है विरोध

बेधड़क | जयपुर

भाजपा द्वारा कांग्रेस की 7 गारंटी योजनाओं को लेकर निर्वाचन आयोग से शिकायत करने पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पलटवार किया हैं। सीएम गहलोत ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि वह जनता के हक की बात का हमेशा विरोध करती है।

मुख्यमंत्री गहलोत ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा कि 'कांग्रेस पार्टी की सात गारंटी के खिलाफ भाजपा रोते-धोते निर्वाचन आयोग के पास गई है। ऐसा कर के वह इस चुनाव में अपनी हार को मान रही है।' गहलोत ने कहा- भाजपा नहीं चाहती कि राजस्थान में महिलाओं को हर साल 10,000 रुपए मिले या पशुपालकों से गोबर खरीद की जाए या विद्यार्थियों को लैपटॉप मिले। जनता के हक में कोई बात हो तो भाजपा उसका हमेशा विरोध करती है। उन्होंने आगे लिखते हुए कहा कि भाजपा की निर्वाचन आयोग की शिकायत को लेकर गुरुवार को प्रेस वार्ता कर अधिक जानकारी देंगे। गौरतलब है कि भाजपा की शिकायत पर निर्वाचन आयोग ने समाचार पत्रों में कथित तौर पर खबरों के रूप में राजनीतिक विज्ञापन देने के मामले में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष को बुधवार को कारण बताओ नोटिस जारी किया हैं।



### 'मिस्ड कॉल' अभियान पर भी नोटिस

निर्वाचन आयोग ने विधानसभा चुनाव से पहले मतदाताओं को कथित तौर पर प्रलोभन देने के मामले में बुधवार को प्रदेश कांग्रेस प्रमुख को नोटिस जारी किया। भाजपा ने आरोप लगाया था कि कांग्रेस ने राज्य में सत्ता बरकरार रखने पर उसकी 'गारंटी' का लाभ पाने के लिए लोगों से मोबाइल नंबर पर मिस्ड कॉल करने का कहकर 'भ्रष्ट' आचरण किया।

अपनी शिकायत में भाजपा ने कहा था,'कॉल करने वाले के लिए एक पंजीकृत नंबर तैयार किया गया था, जिससे यह धारणा बनाई गई कि किसी विशेष उम्मीदवार या पार्टी, विशेष रूप से कांग्रेस पार्टी के लिए वोट करने से केवल कॉल करने वाले को ही लाभ मिलेगा।'

## मतदान को लेकर प्रशासन की तैयारियां



फोटो: राजेश कुमावत

*बेधड़क, जयपुर। राजस्थान विधानसभा चुनाव में मतदान दलों को रवाना करने के लिए राजस्थान कॉलेज परिसर को भी चुना गया है। बुधवार को राजस्थान कॉलेज परिसर में खेजड़ी एवं बबुल की झाड़ियों को काटकर वाहनों की पार्किंग के लिए जगह बनाई गई। वहीं कुछ भारी बसे पोली मिट्टी होने धंस दी गई। गौरतलब हैं कि राजस्थान कॉलज में मतगणना केंद्र बनाया गया है।*

# सांगानेर से भाजपा प्रत्याशी भजनलाल ने घर-घर जनसंपर्क कर मांगा जन समर्थन

बेधड़क | जयपुर

सांगानेर विधानसभा प्रत्याशी भजनलाल शर्मा ने जनता से जनसंपर्क के दौरान आशीर्वाद ले आगामी 25 नवंबर को कमल का बटन दबाकर बीजेपी को विजयी बनाने का आह्वान किया।

शर्मा का सांगानेर विधानसभा के लगभग सभी वार्डों में लगातार जनसंपर्क का दौर चल रहा है। इस दौरान उन्हें जनता का स्नेह और समर्थन भी मिल रहा है। क्षेत्र में भजनलाल को फलों और मिठाइयों से तोला जा रहा है। जगह-जगह जनता की ओर से माल्यार्पण और साफा पहनाकर उनका पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया जा रहा है। भजनलाल शर्मा ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने नई ऊंचाइयों को छुआ है। भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि अब हमारे घोषणा पत्र में राजस्थान की जनता को 450 रुपए में सिलेंडर, 24 घंटे बिजली, छात्रों को स्कूटी, गरीबों को मुफ्त राशन, किसान सम्मान निधि सालाना 12000 और अन्य का योजनाओं का लाभ देने का वादा किया है और इस बात को जानता भी जानती है कि मोदी मतलब गारंटी मोदी जो कहते हैं वह करते हैं। और इसी को ध्यान में रखते हुए जनता भाजपा को वोट देगी और सांगानेर विधानसभा के साथ संपूर्ण राजस्थान में भाजपा का परचम लहराएगा।



**कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान पर शिवराज सिंह का पलटवार**

# राहुल का PM को 'पनौती' कहना देशद्रोह, जनता नहीं करेगी माफ

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में चुनावी माहौल के बीच भाजपा और कांग्रेस नेताओं के चुनावी बयान चर्चा में हैं। नेता अपनी मर्यादा को भूलते हुए एक-दूसरे पर आरोप- प्रत्यारोप लगा रहें हैं।

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर 'पीएम का मतलब पनौती मोदी वाले बयान को लेकर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधा। चौहान ने आलोचना करते हुए कहा कि देश की जनता राहुल गांधी को माफ नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का यह बयान 'देशद्रोह' की सीमा में भी आता है। उन्होंने कहा कि 'बुद्धिहीनता' का इससे बड़ा उदाहरण कोई नहीं हो सकता। चौहान ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि सारा देश देशभक्ति के जुनून से भरा था और ये चाहता था कि क्रिकेट का फाइनल भी भारत जीते। क्योंकि खेल भी देशभक्ति का प्रतीक होता है और प्रधानमंत्री अगर गए तो हमारे लिए गर्व का विषय है, लेकिन वे मोदी जी से इतना डरते है कि भारत हार गया तो खुशी हो रही है और मोदीजी पर टिप्पणियां कर रहे हैं।

गौरतलब हैं कि राहुल गांधी ने मंगलवार को प्रदेश में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए 'पीएम का मतलब पनौती मोदी' कहा था।



### राहुल गांधी और प्रियंका झूठ की मशीन

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि मध्य प्रदेश हो या राजस्थान कांग्रेस का नेतृत्व करने वाले राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा, दोनों भाई-बहन 'झूठ की मशीन' हैं। उन्होंने कहा कि प्रियंका मध्य प्रदेश में कहती हैं कि राम 13 वर्ष के लिए वनवास गए थे। आप खुद देखिए देश का बच्चा-बच्चा जानता है कि प्रभु श्रीराम 14 वर्ष के लिए वनवास गए थे, लेकिन प्रियंका गांधी वाड्रा को नहीं पता। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर हैं। सरकारी भवन में करोड़ों रुपए मिले हैं। साइबर क्राइम, महिला दुष्कर्म, बेरोजगारी में भी राजस्थान नंबर वन पर रहा है। उन्होंने कहा- राहुल गांधी के झूठ की वजह से राजस्थान के करीब साढ़े 19 हजार किसानों ने अपनी जमीन खो दी। उनके झूठ की वजह से राजस्थान के बेरोजगारों को भत्ता नहीं मिला। उन्होंने कहा- कांग्रेस ने सिर्फ तुष्टीकरण की राजनीति की है। तुष्टीकरण करना कांग्रेस सरकार का मूल मंत्र रहा है। हिंदू त्योहारों पर धारा 144 लगाकर शोभा यात्राओं पर प्रतिबंध लगाया, यह इसका जीता जागता उदाहरण है। अब हर जगह डबल इंजन की सरकार बन रही है। मध्यप्रदेश में भी बीजेपी की सरकार बन रही है।

### मोदी की आलोचना राहुल का एकमात्र उद्देश्य: शर्मा

राज्यसभा सदस्य एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा ने बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी को जनता द्वारा खारिज किया गया नेता करार दिया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का प्रधानमंत्री की आलोचना करना उनके जीवन का एकमात्र उद्देश्य रह गया है। शर्मा ने राहुल गांधी की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर की गई टिप्पणी को अशोभनीय बताते हुए कहा कि जनता इसे स्वीकार नहीं करेगी और पांच राज्यों के चुनाव में इसका जवाब देगी। शर्मा ने कहा कि पांच राज्यों में हो रहे चुनावों में अपनी हार को देखते हुए कांग्रेस नेता ने अपना मानसिक संतुलन खो दिया हैं और अब अभद्र भाषा के प्रयोग पर उतर आए हैं।

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 2 | अंक: 343 | जयपुर, गुरुवार, 23 नवंबर, 2023 | कार्तिक, शुक्ल पक्ष- एकादशी, विसं 2080 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00



पेज @ 09




'शॉ' के 'कौशल' पर रीझे जयपुराइट्स




## प्रधानमंत्री मोदी का परिवारवाद पर, तो राहुल गांधी का अडाणी को लेकर तंज

# कांग्रेस में जो परिवार के सामने बोला... वो मरा समझो: मोदी

**बेधड़क** | जयपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस पर परिवारवादी राजनीति करने का आरोप लगाते हुए तंज कसा कि इस पार्टी में जो भी नेता सच बोलता है उसकी राजनीति 'गड्ढे' में चली जाती है। मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी राजेश पायलट से अपनी 'खुन्नस' उनके बेटे सचिन पायलट से निकाल रही है। राजस्थान के चुनावी दौरे पर आए मोदी ने बुधवार को सागवाड़ा (डूंगरपुर) और कोटड़ी (भीलवाड़ा) में सभाओं को संबोधित किया।

कोटड़ी में उन्होंने कांग्रेस को 'परिवारवादी' बताते हुए निशाना साधा। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस में कोई सच बोले और उसके कारण इस परिवार को यदि थोड़ी सी भी असुविधा हो जाए। कांग्रेस के इस परिवार को थोड़ा सा भी अगर चुभ जाए तो मान लेना कि उसकी राजनीति तो गड्ढे में गई।'

मोदी ने कहा, 'पूरी कांग्रेस में जिस-जिस ने इस परिवार के सामने कुछ भी कहा, कुछ भी बोला वह मरा समझो।' उन्होंने कहा, 'राजेश पायलट जी ने एक बार कांग्रेस के इस परिवार को, कांग्रेस की भलाई के लिए चुनौती दी थी। फिर वे भी झुक गए थे।' प्रधानमंत्री ने कहा, 'लेकिन यह परिवार ऐसा है कि राजेश जी को तो सजा दी, उनके बेटे को भी सजा देने में लगे हुए हैं।' मोदी ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस की नीति दंगाइयों पर नरमी की है, कांग्रेस की नीति अपराधियों पर नरमी की है और कांग्रेस की नीति कट्टर भ्रष्टाचार की है। कांग्रेस की इन्हीं नीतियों ने राजस्थान को अपराध में टॉप पर पहुंचाया है।'

### कांग्रेस की नीति अपराधियों और दंगाइयों पर नरमी की

#### दावा... अब कभी गहलोत की सरकार नहीं बनेगी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'आज मैं मावजी महाराज जी का आशीर्वाद लेते हुए एक भविष्यवाणी करने की हिम्मत कर रहा हूं कि पूरे राजस्थान के लोग लिखकर रख लें... इस बार ही नहीं... अब राजस्थान में कभी भी अशोक गहलोत की सरकार नहीं बनेगी। कभी भी नहीं। यह मावजी महाराज की धरती से बोले गए शब्द हैं।'



#### कांग्रेस का घोषणा पत्र... गुमराह पत्र

सत्तारूढ़ कांग्रेस के घोषणापत्र पर कटाक्ष करते हुए मोदी ने कहा कि राजस्थान के लोगों को गुमराह करने के लिए कांग्रेस ने कल अपना 'गुमराह पत्र' जारी किया है। उन्होंने कहा कि इस गुमराह पत्र में वही चालाकी दिखाई है, जो पिछले 7 दशकों से कांग्रेस करती आ रही है।

#### कांग्रेस के झूठे वादों पर मोदी की गारंटी भारी

इससे पूर्व सागवाड़ा की सभा में मोदी ने कहा कि 'कांग्रेस के हर झूठे वादे पर, मोदी की गारंटी भारी है।' इसके साथ ही मोदी ने आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत का विश्वास जताते हुए कहा कि राज्य में अब कभी भी गहलोत सरकार नहीं बनेगी। उन्होंने कहा, 'मोदी की गारंटी इन कांग्रेस के हर झूठे वादों पर भारी है।'

# केंद्र की अग्निपथ योजना ने लाखों युवाओं के सपने तोड़े: राहुल

**बेधड़क** | जयपुर

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सेना में अल्पकालिक भर्ती की अग्निपथ योजना को लेकर केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए बुधवार को कहा कि यह योजना लाकर, देश की रक्षा करने के लाखों युवाओं के सपने तोड़ दिए गए हैं। उन्होंने धौलपुर के राजाखेड़ा में एक चुनाव रैली में कहा 'अग्निपथ योजना क्यों आई, क्योंकि नरेन्द्र मोदी जी ने आपके जीएसटी का पैसा आपकी जेब से निकाल कर सीधा अडाणी की जेब में डाल दिया और लाखों युवा, जो चार बजे सुबह उठते हैं, देश की रक्षा करना चाहते हैं, उनका सपना खत्म कर दिया, उनका दिल तोड़ दिया।'

राहुल गांधी ने दोहराया कि राजस्थान में कांग्रेस की सरकार बनते ही जाति जनगणना करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि देश में दलित, पिछड़े वर्ग के लोगों को अपनी वास्तविक जनसंख्या पता होना जरूरी है और इसके लिए जातीय जनगणना जरूरी है।

राहुल गांधी ने कहा, 'सबसे बड़ा सवाल यह है कि आज इस देश में धन को कैसे बांटा जा रहा है? किसके हाथ में जा रहा है? क्या सचमुच में हिन्दुस्तान का धन भारत माता की जनता के हाथ में जा रहा है या फिर भारत माता का धन चुने हुए लोगों के हाथ में जा रहा है? धौलपुर के राजाखेड़ा में रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने संसद में केंद्र सरकार से जाति जनगणना कराने की मांग की 'लेकिन जिस दिन मैंने संसद में यह बात कही, उस दिन के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भाषण बदल गए।'

### दोहराया सरकार बनते ही जातिगत जनगणना का वादा



#### वोट के लिए ओबीसी बने मोदी अब पलट गए

राहुल ने कहा, 'पहले मोदी खुद को ओबीसी कहते थे, जब मैंने ओबीसी की आबादी का सवाल उठाया, तब से मोदी कहते हैं कि हिंदुस्तान में सिर्फ एक जाति है, वह है गरीब। वोट लेने के लिए मोदी ओबीसी हो गए, मगर ओबीसी को भागीदारी देने के सवाल पर कहते हैं कि सिर्फ एक जाति है और वह है गरीब।'

#### जेबकतरा कभी अकेला नहीं आता

भरतपुर के नदबई में अपनी दूसरी रैली में गांधी ने कहा कि जेबकतरा कभी अकेला नहीं आता है। उन्होंने कहा,'तीन लोग होते हैं, एक सामने से आता है, एक पीछे से और एक दूर से देखता है... नरेन्द्र मोदी का काम आपके ध्यान भटकाने का है, वो टीवी में वो आपका ध्यान इधर-उधर करते हैं, वो कहते हैं देखो हिन्दू-मुस्लिम। फिर नोटबंदी, जीएसटी... ध्यान इधर-उधर भटकाते हैं। पीछे से अडाणी आता है और आपकी जेब काट लेता है। दूसरी तरफ से अमित शाह देखते हैं, कहते हैं किसी को पता नहीं लग जाए... दबा कर लाठी मारूंगा। तो, हिन्दुस्तान की सरकार ऐसे चल रही है।' उन्होंने कहा कि मोदी को आप 24 घंटे टीवी पर देखते हो। जब देखो... मोदी टीवी पर हैं। टीवी किसका है, आपका है क्या? आपका नहीं है किसानों, छोटे मजदूरों, छोटे व्यापारियों का नहीं है... टीवी अडाणी का है।

# 25 को मतदान के लिए श्रमिकों को मिलेगा सवैतनिक अवकाश


**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर जिले में मतदान दिवस 25 नवंबर 2023 को समस्त विधानसभा क्षेत्रों में सार्वजनिक अवकाश रहेगा। इसमें निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, दुकान, औद्योगिक उपक्रम या कारोबार, व्यवसाय में कार्यरत कामगारों को मतदान दिवस पद सवैतनिक अवकाश भी शामिल है। इन सभी संस्थाओं में सवैतनिक अवकाश सुनिश्चित करने के लिए दलों का गठन भी किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलिमा तक्षक ने बताया कि मतदान दिवस पर कामगारों को सवैतनिक अवकाश सुनिश्चित करने के लिए तीन दलों का गठन किया है। उन्होंने बताया कि ये दल 24 से 25 तक कार्यालय में उपस्थित रहकर संस्थानों से सवैतनिक अवकाश के आदेश की पालना सुनिश्चित करवाएंगे।

# पेंशन बुनियादी अधिकार, भुगतान से नहीं कर सकते इनकार : हाई कोर्ट

**बेधड़क** | मुंबई

बंबई उच्च न्यायालय ने कहा है कि पेंशन एक बुनियादी अधिकार है और सेवानिवृत्त कर्मचारियों को इसके भुगतान से वंचित नहीं किया जा सकता क्योंकि ये उनके लिए आजीविका का एक प्रमुख स्रोत है। अदालत ने एक व्यक्ति की सेवानिवृत्ति के बाद दो साल से अधिक समय तक उनका बकाया रोके रखने के लिए महाराष्ट्र सरकार को फटकार लगाते हुए यह टिप्पणी की। न्यायाधीश जी.एस. कुलकर्णी और न्यायाधीश जितेंद्र जैन की खंडपीठ ने 21 नवंबर को कहा कि ऐसी स्थिति पूरी तरह से अतार्किक है। अदालत जयराम मोरे द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जो 1983 से सावित्रीबाई फुले पुणे विवि में 'हमाल' (कुली) के रूप में काम करता था।

## जरूरी खबर

### राजस्थान को बदनाम कर रही बीजेपी: पाटिल



**अजमेर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अतुल पाटिल बुधवार को एक दिवसीय दौरे पर अजमेर पहुंचे। पाटिल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि भाजपा के पास राजस्थान के भविष्य के लिए कोई योजना नहीं है। 70 साल से जवाब मांगने वाले प्रधानमंत्री और गृहमंत्री अपने साढ़े 9 साल का हिसाब नहीं दे पा रहे हैं। भाजपा सिर्फ पृथ्वीराज चौहान और महाराणा प्रताप की भूमि को देश-दुनिया में बदनाम करने का काम कर रही है। पाटिल ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से सवाल पूछना चाहता हूं कि राजस्थान के भविष्य के लिए उनके पास क्या योजनाएं हैं। राजस्थान के युवाओं, किसान, महिलाओं के भविष्य के लिए क्या योजनाएं हैं?

### स्कूल जाने के लिए निकलीं दो नाबालिग लापता

**सीकर।** जिले के जीणमाता इलाके में दो नाबालिग लड़कियों की गुमशुदगी का मामला सामने आया है। दोनों अलग-अलग क्षेत्र की रहने वाली हैं। दोनों अपने घरों से स्कूल जाने की बात कह कर निकली थीं, लेकिन वापस नहीं लौटीं। अब दोनों के परिजनों ने पुलिस में मामला दर्ज करवाया है। एक नाबालिग 17 व दूसरी 15 वर्ष की बताई जा रही है। परिजनों की ओर से पुलिस को दी गई रिपोर्ट में सुरेंद्र कुमार नाम के एक युवक पर नाबालिगों को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का शक जताया है।

### मोबाइल चोर गैंग पकड़ी, 3 लाख के 10 फोन जब्त



**अजमेर।** दरगाह क्षेत्र की भीड़-भाड़ के बीच मोबाइल चुराने वाले गुजरात गैंग के 4 शातिर बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से तीन लाख के 10 मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने मोहम्मद इरफान (33), समीर शेख (32), सैयद समीर अली (21) निवासी सलाबतपुरा जिला सूरत गुजरात और सद्दाम अली (21) निवासी कोटडी थाना दरगाह अजमेर को गिरफ्तार किया गया है।

---

**कांग्रेस नेता एक अस्पताल में चिरंजीवी योजना के लाभार्थियों से मिले**

# राहुल ने 'चिरंजीवी' बताई सबसे बेहतरीन मुफ्त इलाज योजना

बेधड़क | जयपुर

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने राजस्थान सरकार की 'चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना' को देश की सबसे बेहतरीन मुफ्त इलाज योजना बताया है। इस योजना के तहत लाभार्थियों का 25 लाख रुपए तक का इलाज मुफ्त है।

राजस्थान में सत्तारूढ़ कांग्रेस ने इस कवर को बढ़ाकर 50 लाख रुपए करने का चुनावी वादा किया है। राजस्थान के चुनावी दौरे पर आए राहुल गांधी बुधवार शाम यहां महात्मा गांधी अस्पताल में इस योजना के लाभार्थियों से मिले। उन्होंने इसकी तस्वीर साझा करते हुए सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'चिरंजीवी योजना का चमत्कार आज (बुधवार को) खुद जयपुर के महात्मा गांधी अस्पताल पहुंच कर देखा।'

इस मौके पर राहुल गांधी ने तमाम मरीजों और उनके परिजनों से चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के अनुभवों के सम्बन्ध में बातचीत की। उन्होंने संतोष व्यक्त किया कि आज राजस्थान में हर गरीब 25 लाख तक का मुफ्त इलाज करवा राहत अनुभव कर रहा है।

**■ योजना में बीमा राशि 25 लाख से बढ़ाकर की जाएगी 50 लाख रुपए**



#### मरीजों और परिजनों के चेहरों पर सुकून

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लिखा, 'किडनी ट्रांसप्लांट - मुफ्त, लिवर ट्रांसप्लांट -मुफ्त, कैंसर का इलाज -मुफ्त, हृदय रोग का इलाज -मुफ्त, ऑपरेशन- मुफ्त, डायलिसिस- मुफ्त व इंप्लांट्स- मुफ्त... मरीजों और उनके परिवारों के चेहरों पर सुकून में इसका असर साफ दिखा। भारत की सबसे बेहतरीन मुफ्त इलाज की इस पहल ने लाखों लोगों की जिंदगियां बदल दी हैं।'

#### गरीब आदमी का महंगे से महंगा इलाज राज्य सरकार की जिम्मेदारी

कांग्रेस पार्टी के घोषणापत्र में इस योजना में कवर की राशि दोगुनी करके 50 लाख रुपये किए जाने का जिक्र करते हुए उन्होंने लिखा, 'राजस्थान के गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों का बड़े से बड़ा और महंगे से महंगा इलाज, राज्य सरकार की जिम्मेदारी है।' उल्लेखनीय है कि राज्य में विधानसभा चुनाव के लिए 25 नवंबर को मतदान होना है।

---

**प्रचार में झोंकी ताकत: शाह, योगी और राजनाथ ने की सभाएं**

# पेपरलीक, भ्रष्टाचार और अपराध को लेकर कांग्रेस पर बोला हमला

बेधड़क | जोधपुर

प्रदेश में विधानसभा चुनाव का गुरुवार को आखरी दिन है। ऐसे में बुधवार को पार्टियों के स्टार प्रचारकों ने प्रदेश में ताबड़तोड़ जनसभाएं की। भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता यूपी के मुख्यमंत्री योग आदित्यनाथ, केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चुनावी सभाओं में प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर जमकर जुबानी हमला बोला।

भाजपा नेताओं ने कांग्रेस सरकार को हर मोर्चे विफल बताया। उन्होंने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर भी निशाना साधा। योग आदित्यनाथ ने जोधपुर में आयोजित सभा में कहा कि प्रदेश में माफिया को सत्ता का संरक्षण प्राप्त है। यहां डबल इंजन की सरकार होती तो पेपरलीक नहीं होते। उन्होंने मतदाताओं का आह्वान करते हुए कहा चुनाव सहानुभूति का नहीं बल्कि भविष्य निर्माण का अवसर होता है।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राजस्थान के सुखद भविष्य के लिए भारतीय जनता पार्टी जरूरी है। राजस्थान के चुनावी दौरे पर आए योगी आदित्यनाथ ने जोधपुर के अलावा बीकानेर, नागौर, चुरू



में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। इन सभाओं में योगी ने कहा कि राजस्थान में 'डबल इंजन' की सरकार होती तो कभी पेपर माफिया नहीं पनपते। उन्होंने कहा कांग्रेस ने देश में गरीबी, अव्यवस्था व अविश्वास दिया तो मोदी ने हर व्यक्ति के सम्मान की रक्षा की। उन्होंने कहा यहां 'डबल इंजन' सरकार बनेगी तो राजस्थान के विकास को पंख लग जाएंगे।

जोधपुर की सभा में योगी आदित्यनाथ ने राज्य सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार तुष्टिकरण करती है। सिर्फ एक ही समुदाय के हित की बात करती है। कांग्रेस ऐसा करेगी तो गरीब, आदिवासी, पिछड़े, किसान और युवा कहां जाएंगे। भाजपा ने आधी आबादी को राजनीति में आरक्षण दिया है। तीन तलाक को ताला लगाया है। गरीब कल्याण की योजनाएं प्रभावी ढंग से लागू की हैं।


#### युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया: राजनाथ



राजनाथ सिंह ने उदयपुर के खेरवाड़ा और झाड़ोल में सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान विकास की राह को छोड़कर बर्बादी की राह की ओर बढ़ चला है और भाजपा ही इस राज्य को बर्बादी और तबाही से बचा सकती है। सिंह ने कहा कि राजस्थान सरकार ने पेपर लीक कराकर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। उन्होंने कहा, 'यहा पर आए दिन कहीं न कहीं हत्या, लूट और तरह-तरह के अपराध की घटनाएं होती रहती हैं। मासूम बच्चियों को उठा लेते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में माताओं एवं बहनों की इज्जत और अस्मत सुरक्षा होनी चाहिए, लेकिन उसकी कांग्रेस सरकार को कोई चिंता नहीं है।' राजनाथ सिंह ने कांग्रेस ने पेपर लीक कराकर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। उन्होंने कहा, 'भाजपा का मानना है कि जाति पंथ और मजहब के आधार पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। राजनीति इंसाफ और इंसानियत के आधार पर होनी चाहिए।' सिंह ने कहा कि राजस्थान में हालात इतने खराब हैं कि सरकार की एक महिला विधायक खुद को असुरक्षित मानती हैं। उन्होंने कहा, 'यदि सत्ताधारी कांग्रेस की विधायक स्वयं असुरक्षित महसूस करती हैं तो आप सब अपने को कैसे सुरक्षित महसूस करेंगे।'

#### कांग्रेस पार्टी ने हमेशा की तुष्टीकरण की राजनीति: शाह

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए बुधवार को कहा कि उसने हमेशा तुष्टीकरण की राजनीति की है और राजस्थान के 40 लाख युवाओं के साथ छल किया। विधानसभा चुनाव प्रचार के तहत केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पाली के जैतारण की जनसभा में कहा- कांग्रेस पार्टी ने हमेशा तुष्टीकरण की



राजनीति की, वहीं भाजपा ने डरे बगैर भारतीय संस्कृति का सम्मान किया है। सत्ता में आने पर प्रदेश के विकास को प्राथमिकता देने का वादा करने के साथ ही शाह ने आरोप लगाया कि राज्य की अशोक गहलोत सरकार ने भ्रष्टाचार के सारे रिकार्ड तोड़ दिए हैं। उन्होंने कहा कि गहलोत सरकार ने राजस्थान के 40 लाख युवाओं के सपनों को तोड़ने का काम किया है।

---

**राज्यसभा सांसद ने भाजपा को घेरा**

## BJP नहीं करती घोषणाएं पूरी, कांग्रेस ने जो कहा वो किया: शुक्ला

बेधड़क | जयपुर



कांग्रेस सांसद राजीव शुक्ला ने बुधवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा का रिकॉर्ड है कि घोषणाएं पूरी नहीं होती, लेकिन कांग्रेस का रिकॉर्ड है जो वादा किया उसे पूरा किया है।

उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में भाजपा सरकार ने सभी योजनाएं बंद कर दी, क्योंकि भाजपा ने मध्यप्रदेश में वे तो जोड़-तोड़ से सरकार लाए है। जनादेश का उन्होंने अपमान किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान में भाजपा के 5 से 6 नेता मुख्यमंत्री बनने की दौड़ में लगे हुए है। पूर्व मुख्यमंत्री को दरकिनार कर दिया गया है।

भाजपा की ओर से कौन मुख्यमंत्री का चेहरा है, इसका पता नहीं है। भाजपा के वादों के लिए किसकी ओर जनता देखे, यह समझ नहीं आ रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के वादे पक्के है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने हमारे वचन के संकलन का घोषणा पत्र जारी किया है जिसे हम पूर्ण करेंगे।

उन्होंने कहा कि राजस्थान में सुदृढ़ अर्थव्यवस्था है तथा सभी वित्तीय प्रावधानों का अध्ययन कर इन योजनाओं को लागू करने का वादा किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा का इतिहास है कि उन्होंने अपने वादे पूर्ण नहीं किए जबकि कांग्रेस ने जो कहा है वो किया है।

### आज शाम से पोलिंग तक ड्राई-डे

बेधड़क | जयपुर

जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राजस्थान विधानसभा के चुनाव 2023 के परिप्रेक्ष्य में घोषित कार्यक्रम के अनुसार लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135-ग के प्रावधानों के तहत जिले में मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से गुरुवार शाम से 25 नवंबर शनिवार को मतदान समाप्ति तक सूखा दिवस घोषित किया है।

आदेशानुसार मतगणना दिवस 3 दिसंबर को 2023 को सम्पूर्ण राज्य में सूखा दिवस रहेगा।

---

**कांग्रेस नेता जिग्नेश मेवाणी और इमरान प्रतापगढ़ी ने कहा...**

## प्रधानमंत्री मोदी के रोड शो फ्लाप भाजपा के पास सीएम चेहरा नहीं

बेधड़क | सीकर

राज्यसभा सांसद और कांग्रेस नेता इमरान प्रतापगढ़ी और गुजरात के विधायक जिग्नेश मेवाणी ने बुधवार को सीकर के बकरामंडी इलाके में कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान दोनों ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा।

जिग्नेश और इमरान ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल अडानी और अंबानी को फायदा पहुंचा रही है। राजस्थान का चुनाव इस बार केवल राजस्थान का नहीं बल्कि



2024 का सेमीफाइनल है। भाजपा के पास मुख्यमंत्री पद का कोई चेहरा नहीं है। प्रधानमंत्री ने जो रोड शो किए वे फ्लॉप हो गए। जिग्नेश ने कहा, भारतीय जनता पार्टी का देश की स्वतंत्रता में कोई भी योगदान नहीं है। ये लोग तो पहले अंग्रेजों की चापलूसी किया करते थे और जब ईस्ट इंडिया कंपनी आई तो उसकी चापलूसी करने लगे। अब ये अडानी और अंबानी की चापलूसी कर रहे हैं। देश की सार्वजनिक संस्थाओं की कमाई को लूटकर अडानी और अंबानी को देने का काम किया जा रहा है।

प्रतापगढ़ी ने कहा कि न जाने सीपी जोशी को कहां से प्रदेश अध्यक्ष बनाया जिन्हें कोई जानता तक नहीं। जब वे प्रदेश अध्यक्ष बने तो भाजपा कार्यकर्ता हमारी सीपी जोशी की फोटो स्टेटस पर लगाने लगे।

---

**कांग्रेस प्रवक्ता जयराम रमेश ने भाजपा पर साधा निशाना**

## धर्म के नाम पर उकसाते हैं भाजपा नेता

बेधड़क | अलवर

कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री जयराम रमेश ने चुनावी रण के बीच भाजपा पर जमकर निशाना साधा।

बुधवार को प्रेस वार्ता में कांग्रेस नेता ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी धर्म के आधार पर वोट मांगती है और जांच एजेंसियां कांग्रेस नेताओं पर कार्रवाई कर भाजपा का प्रचार करती है। उन्होंने कहा कि पहला हथियार ईडी और सीबीआई है। जहां भी चुनाव होते हैं ये एजेंसियां कांग्रेस



नेताओं पर कार्रवाई कर भाजपा का प्रचार करती है। केंद्र सरकार प्रतिशोध की राजनीति करती है और चुनाव आते ही एजेंसियो का दुरुपयोग शुरू कर दिया जाता है। जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री, गृहमंत्री अमित शाह, योगी आदित्यनाथ और असम के मुख्यमंत्री धर्म के आधार पर ही लोगों को उकसाते हैं और वोट मांगते हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि हरियाणा का दंगा भी भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रायोजित था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जब भी अपना मुंह खोलते हैं तो झूठ की गंगा बहती है। उन्होंने कहा कि जो उदयपुर की घटना हुई उनके आरोपियों के संबंध भारतीय जनता पार्टी से सामने आए। महिला अत्याचार को लेकर उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश, गुजरात और उत्तर प्रदेश की तुलना में राजस्थान में अपराध कम है।

#### ईआरसीपी पर नहीं दिया जवाब

जयराम रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री ने दो बार ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा देने की बात कही थी। इसके बाद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने छह खत लिखे, लेकिन प्रधानमंत्री ने एक भी खत का जवाब नहीं दिया। ईआरसीपी की मीटिंग में राजस्थान सरकार की ओर से किसी मंत्री के शामिल नहीं होने के जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह के आरोप वाले सवाल को खतों का जवाब नहीं देने की बात कहते हुए टाल गए।

---

**रिवर फ्रंट हादसे पर गरमाई सियासत, मंत्री धारीवाल बोले...**

# 'मुझे हादसे का दुख है, लेकिन यूआईटी पर लगाए आरोप निराधार'

बेधड़क | जयपुर

पिछले दिनों चंबल रिवर फ्रंट पर दुनिया की सबसे बड़ी घंटी को खोलने के दौरान हुए हादसे में इंजीनियर देवेंद्र आर्य और सहयोगी की मौत के मामले को लेकर सियासत गरमाती जा रही है।

भाजपा की ओर से मामले को लेकर लगाए गए आरोपों को यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने निराधार बताया है। उन्होंने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर इस मामले को लेकर कहा कि मुझे इस घटना का दुख है लेकिन, यूआईटी पर लगाए गए आरोप गलत हैं। उन्होंने इंजीनियर देवेंद्र आर्य के बेटे धनंजय पर बीजेपी से मिले होने का आरोप लगाया। शांति धारीवाल ने शाम 4 बजे इस मामले को लेकर अपने नयापुरा स्थित आवास पर ये वार्ता आयोजित की थी। इसमें धारीवाल ने इंजीनियर देवेंद्र आर्य की मौत पर उठे विवाद को लेकर अपना पक्ष रखा। वहीं देवेंद्र आर्य के बेटे धनंजय ने धारीवाल के बयान का विरोध किया। उन्होंने कहा कि मेरे पिता की मौत हो गई है। इसमें राजनीति की बातें नहीं आनी चाहिए। मैं तो जोधपुर में कांग्रेस के लिए काम करता हूं। उधर मीडिया से बातचीत में शांति धारीवाल ने कहा कि भाजपा के लोगों के कहने पर देवेंद्र आर्य के बेटे धनंजय ने दबाव बनाने का आरोप लगाया है।

उन्होंने कहा कि इंजीनियर देवेंद्र आर्य का परिवार बीजेपी की विचारधारा से जुड़ा था। हालांकि हमें इससे फर्क नहीं पड़ता कि वे किस विचारधारा के थे, लेकिन जो हुआ वह दुखद है। धारीवाल ने कहा कि उनके बेटे को बीजेपी वालों ने पकड़ लिया, कहा कि तू तो बीजेपी का है। तेरे पिता आपातकाल में जेल गए थे सर्टिफिकेट मिला। यह बात सही है कि वह आपात काल में जेल गए थे और बीजेपी के थे।

#### चैलेंज देता हूं-आरोपों की जांच करवा लो

धारीवाल ने भाजपा की ओर से लगाए गए आरोपों को लेकर कहा कि कई ठेकेदार हैं जो बीजेपी के हैं और काम कर रहे हैं। ठेका तो नियम के अनुसार ही दिया जाता है, लेकिन आरोप लगाया गया कि कांग्रेस ने दबाव डाला। मैं यह चैलेंज करता हूं कि इसकी जांच करवा लो। वह आदमी (देवेंद्र आर्य) जैसा लोग बताते हैं कि किसी के दबाव में नहीं आने वाला था। कलेक्टर ने एडीएम से जांच करवाने को लिख दिया, आप हाईकोर्ट के जज से करवा लो जांच के लिए किसने मना किया, लेकिन यह झूठे आरोप क्यों लगाते हैं। उन्होंने कहा- देश का प्रधानमंत्री इस बात को लेकर झूठ बोल रहा है। धारीवाल ने कहा कि इंजीनियर का रुपयों का भी कोई विवाद नहीं था। घंटी को ठंडा करने में समय लगेगा यह बात कह रहे थे और बात भी ठीक है। अब आरोप लगाया कि दबाव था कि घंटी को चुनाव से पहले खोलना है। उन्होंने 2-3 मोल्ड बॉक्स खोलें उसमें ही 10-11 दिन लग गए। पूरे खोलने में तो समय लगता।



#### मैं तो कांग्रेस के लिए काम करता हूं: धनंजय

वहीं इस मामले में इंजीनियर देवेंद्र आर्य के बेटे धनंजय ने कहा कि मेरे पिता की मौत हो गई, इसमें राजनीति करना गलत है। हमारे आरोप स्पष्ट हैं और खुद मेरे पिता इस बारे में बताते थे। बात विचारधारा की है तो मेरे पिता जरूर भाजपा से जुड़े रहे हैं। लेकिन, मैं कांग्रेस के लिए काम कर रहा हूं। राहुल गांधी की पैदल यात्रा में कोटा में उनके साथ रहा। जोधपुर में कांग्रेस पार्टी में एनएसयूआई के लिए काम कर रहा हूं। मुझे रुपए का लालच देकर बीजेपी वाले कैसे मुझसे कोई गलत आरोप लगवा लेंगे। इसमें कोई राजनीति की बात नहीं होनी चाहिए।

#### देवेंद्र थे देश के होनहार व्यक्ति

धारीवाल ने कहा कि चंबल रिवर फ्रंट पर हुआ हादसा बेहद दुख घटना है। देवेंद्र देश के होनहार व्यक्ति थे, वे एक एसेट थे। वे निश्चित तौर पर अवार्ड के काबिल आदमी था। ऐसा आदमी ढूढें नहीं मिलता, इसमें दो राय नहीं है। मुझे दुख है कि इस हादसे में वे संसार को छोड़ गए। यूआईटी के ठेकेदार राजीव शर्मा के वो पेटी कांट्रेक्टर थे। जब उनको पेटी कांट्रेक्टर के बतौर एग्रीमेंट किया तो तय तारीख लिखवा दी थी कि अगस्त तक कंपलीट कर देंगे इस काम को। वो सारे उपकरण भी अपने साथ ही लाए थे। जितने भी उपकरण थे उन्हीं के थे। इसमें यूआईटी का कोई लेना देना नहीं। उन्होंने ही मोल्ड बॉक्स में घंटी को ढाला था। इसके बाद उनके और ठेकेदार के बीच विवाद हो गया। ठेकदार कह रहा था कि जल्दी खोलो और वे कह रहे थे कि जल्दी नहीं खुल सकती। पचास दिन इंतजार करना होगा। मॉल्ड खोलने के लिए आए वापस दो महीने के बाद पचास दिन की कहकर गए थे, लेकिन साठ दिन में आए। उन पर कोई दबाव नहीं था।

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 2 | अंक: 343 | जयपुर, गुरुवार, 23 नवंबर, 2023 | कार्तिक, शुक्ल पक्ष- एकादशी, विसं 2080 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00



हमारा वोट राजस्थान को चिरंजीवी बनाए रखने के लिए

कांग्रेस फिर से!

## जरूरी खबर

### हर विधानसभा क्षेत्र में बनाए आठ आठ युवा बूथ



**जयपुर।** प्रदेश के विधानसभा चुनाव में चुनाव आयोग के इस बार नये-नये नवाचार देखने को मिल रहे हैं। इस बार प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में ऐसे बूथ भी बनाए जा रहे हैं, जिनका पूरा मैनेजमेंट यूथ या दिव्यांग स्टाफ के हिस्से में रहेगा। इसको लेकर दोनों वर्गों के कार्मिकों में उत्साह है। ये कार्मिक आगे चलकर ऐसी डयूटी और करने को तैयार हैं। दिव्यांग अपनी रचनात्मक भागीदारी सबके सामने ला रहे हैं। जानकारी के अनुसार प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 8-8 युवा मतदाता बूथ स्थापित किया जाएंगे। इनकी कमान युवा कर्मचारियों के हाथों में होगी। साथ ही प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक दिव्यांग मतदाता बूथ की भी स्थापना की जाएगी। इसमें मतदान प्रक्रिया का संचालन दिव्यांगों द्वारा किया जाएगा।

### बच्ची से दुष्कर्म के आरोपियों के पुतले फूंके



**जयपुर।** लाडनूं में नाबालिग बच्ची के साथ हुए सामूहिक बलात्कार को लेकर गुरुवार को एबीवीपी ने राजस्थान विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर विरोध प्रदर्शन कर आरोपियों के पुतले फूंके। एबीवीपी के इकाई अध्यक्ष अध्यक्ष भारत भूषण यादव ने बताया कि जिस प्रकार प्रतिदिन प्रदेश में 16 बलात्कार महिलाओं के साथ हुए हैं। इससे ऐसा लगता है कि सरकार और प्रशासन भी ऐसे कृत्यों में शामिल है। इकाई सचिव रोहित मीणा ने कहा कि राजस्थान में बहन बेटी सुरक्षित नहीं है। सरकारी तंत्र महिलाओं पर अत्याचार रोक नहीं पा रहा है। लाडनूं में हुई दरिंदगी निंदनीय है।

## पीएम मोदी ने राजस्थानवासियों को लिखा खुला खत

# राजस्थान को नई ऊंचाई पर ले जाने की गारंटी देता हूं: मोदी

**बेधड़क** | जयपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रदेश में 25 नवंबर को विधानसभा चुनाव के मतदान से पहले प्रदेशवासियों के नाम खुला खत लिखा।

खत में मोदी ने लिखा कि "मेरे प्यारे राजस्थान वासियों सगळा ने म्हारी राम-राम। मैं राजस्थान की पुण्य भूमि को प्रणाम करता हूं, जहां जन्में वीरों और वीरांगनाओं ने सदैव इस देश पर पड़े संकट का डटकर मुकाबला किया है। पत्र में आगे मोदी ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा। मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने राजस्थान में महिलाओं के खिलाफ अपराध, भ्रष्टाचार और कानून-व्यवस्था से राज्य की साख को जो नुकसान पहुंचाया है उसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। उन्होंने पत्र में कहा कि अब यह मोदी की गारंटी है कि हम आने वाले वर्षो में राजस्थान को एक नयी ऊंचाई पर लेकर जायेंगे।

खुले पत्र में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस ने जिस तरह असामाजिक तत्वों को खुली छूट दी उसकी किसी ने कल्पना नहीं की थी। उन्होंने कहा, कि आज स्थिति ये है कि राजस्थान में अपनी आस्था का पालन भी मुश्किल हो गया है।

### सरकार डबल इंजन के रूप में करेगी काम

उन्होंने कहा कि दूसरी ओर, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने हमेशा राज्य के विकास और समृद्धि के बारे में सोचा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारा दृष्टिकोण, प्रयास प्रतिष्ठा और प्रगति के रास्ते का है। राजस्थान में आने वाली भाजपा की सरकार 'डबल इंजन' सरकार के रूप में काम करेगी। इस 'डबल इंजन' सरकार के लिये तेज विकास, गरीबों को सम्मान और भ्रष्टाचार पर 'जीरो टॉलरेंस' की नीति ही सुशासन के मूल मंल होंगे। पिछले 9 वर्षों में केंद्र की भाजपा सरकार ने राज्य की महिलाओं के लिए मुफ्त गैस कनेक्शन, बिजली कनेक्शन, घर-घर में शौचालय इत्यादि का निर्माण कराया है। राजस्थान का कोई गरीब भूखा न रहे उसके लिए मुफ्त राशन की व्यवस्था कराई है। आवास योजना से सबके सिर पर पक्की छत का सपना भी साकार हो रहा है। किसान भाइयों को किसानी के छोटे बड़े खर्चों में सहायता करने के लिए सम्मान राशि उनके खातों में पहुंचाई जा रही है। आयुष्मान भारत योजना और जन औषधि केंद्र, गरीबों का बहुत बड़ा संबल बने हैं।





### जल संसाधन सर्वोच्च प्राथमिकता में है

राजस्थान के लोगों से ज्यादा पानी की अहमियत कौन समझ सकता है। केंद्र की भाजपा सरकार हर घर तक नल से जल पहुंचाने के लिए बहुत बड़ा अभियान चला रही है। पूरे देश में सिंचाई नेटवर्क को भी और सुदृढ़ किया जा रहा है। राजस्थान में बीजेपी की सरकार बनने के बाद जल संसाधन हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होगा। केंद्र सरकार राजस्थान में आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण भी कर रही है।

### कार्रवाई से बचते रहे

उन्होंने पत्र में आरोप लगाया कि अपनी तुष्टिकरण की नीति के कारण कांग्रेस नीत सरकार आपराधिक तत्वों पर कार्रवाई करने तक से बची रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसा लगता है जैसे कांग्रेस ने इन पांच वर्षो में राजस्थान से किसी पुरानी दुश्मनी का बदला लिया है।

## गहलोत का पलटवार: किसका जादू चलेगा, कौन होगा छूमंतर

# मोदी क्या गारंटी दे रहे हैं, वे तो पांच साल तक राजस्थान आएंगे ही नहीं

### लाल डायरी का मुद्दा बकवास, आरोपों में दम है तो सौंपे ईडी या आयकर विभाग को

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राजस्थान को गारंटी दिए जाने पर कटाक्ष करते हुए बुधवार को सवाल उठाया कि मोदी क्या गारंटी दे रहे हैं और वह तो 23 नवंबर के बाद पांच साल तक राजस्थान आएंगे ही नहीं। साथ ही गहलोत ने दावा किया कि विधानसभा चुनाव में 'जादू' चलेगा और मतगणना के दिन साफ हो जाएगा कि कौन 'छूमंतर' होगा। गहलोत ने बुधवार को पीटीआई-भाषा के साथ एक साक्षात्कार में 'लाल डायरी' के मुद्दे को 'बकवास' करार देते हुए कहा कि भाजपा के आरोपों में दम है तो इस डायरी को प्रवर्तन निदेशालय, आयकर विभाग या सीबीआई को सौंपा जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने अपनी चुनावी रैलियों में गहलोत पर कटाक्ष करते हुए कहा है, 'कुछ लोग यहां खुद को जादूगर कहते हैं।' इस पर गहलोत ने कहा, 'जादू चलेगा। वो कहते हैं कि कांग्रेस 'छू मंतर' हो जाएगी, लेकिन हम बताएंगे कि 'छू मंतर' कौन होगा।'

### कन्हैया के हत्यारों को फांसी हो जाती, अगर...

उदयपुर के कन्हैया हत्याकांड को चुनावी मुद्दा बनाने की भाजपा की कोशिश पर पलटवार करते हुए गहलोत ने दावा किया कि आरोपियों के संबंध भाजपा से थे और आरोपियों को अब तक फांसी हो जानी चाहिए थी।' मुख्यमंत्री ने कहा, 'मुझे लगता है कि जांच में देरी इसलिए हुई, क्योंकि चुनाव आ रहे थे, और वे (भाजपा वाले) इसके बारे में बोलते रहेंगे। यही कारण है कि एनआईए उस तरह से आगे नहीं बढ़ रही है जिस ढंग से बढ़ना चाहिए था, इसी वजह से मुझे शक है।'

### हत्यारों को अन्य केस में भाजपाइयों ने छुड़ाया था

गहलोत ने कहा कि इस मामले के आरोपियों को पुलिस ने पहले एक अलग मामले में पकड़ा था, लेकिन भाजपा के लोगों ने उन्हें थाने से छुड़ा लिया। उन्होंने यह भी कहा कि आरोपियों को राजस्थान पुलिस ने दो घंटे में गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन एनआईए ने मामले को अपने हाथ में ले लिया। उन्होंने कहा कि यह घटना गुलाब चंद कटारिया के विधानसभा क्षेत्र में हुई थी, जो अब असम के राज्यपाल हैं, लेकिन भाजपा के नेता तब अपने कार्यक्रम रद्द करने के बजाय हैदराबाद चले गए थे। उन्होंने कहा, 'अब कन्हैया लाल का परिवार कह रहा है कि एनआईए उन्हें नहीं बता रही कि मामले में क्या कार्रवाई हो रही है।'



### राज्य हित में कांग्रेस को वोट की अपील

उन्होंने कहा, 'स्थानीय स्तर पर छोटी मोटी कमियां हो सकती हैं... स्थानीय विधायक से शिकायतें हो सकती हैं...राजनीति में स्थानीय मुद्दे होते हैं... लेकिन लोग उनको दरकिनार करते हुए राज्य हित में हमारी कांग्रेस सरकार को रिपीट करें। हमने जो भी काम किया है, आने वाले समय में हम और मजबूती से काम करेंगे, मौजूदा योजनाओं को मजबूत करेंगे और नई योजनाएं लाएंगे।'

### मध्यप्रदेश में राजस्थान से महंगा पेट्रोल-डीजल

गहलोत ने महंगाई और ईंधन की ऊंची कीमतों के लिए राजस्थान को जिम्मेदार ठहराने के लिए भी प्रधानमंत्री पर पलटवार किया और लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मोदी को राजस्थान में पेट्रोल व डीजल की कीमतों की तुलना भाजपा शासित मध्य प्रदेश से करनी चाहिए क्योंकि राजस्थान और मध्य प्रदेश की स्थितियां और दृष्टिकोण समान हैं जबकि हरियाणा और पंजाब की स्थिति राजस्थान से अलग हैं।

### आप समझ लें सभी सीटों पर मैं ही हूं

राज्य के चुनावी परिदृश्य और जमीनी संभावनाओं की चर्चा करते हुए सीएम ने कहा, 'राज्य की 200 में से करीब 150 सीटों से चुनाव प्रचार के लिए आने की मांग आ रही है। मैं कह रहा हूं कि मैं सभी जगह नहीं आ पाऊंगा... आप समझ लीजिए सभी सीटों पर मैं ही चुनाव लड़ रहा हूं।'

## जम्मू-कश्मीर के राजौरी में मुठभेड़

# 2 कैप्टन सहित 4 सैनिक शहीद, 2 घायल



**एजेंसी** | राजौरी/जम्मू

जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में बुधवार को आतंकियों एवं सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ में सेना के कैप्टन स्तर के दो अधिकारियों समेत चार जवान शहीद हो गये और दो अन्य घायल हो गये। अधिकारियों ने कहा कि सुरक्षाबलों ने मौके पर दो आतंकियों को घेर लिया है और भीषण मुठभेड़ जारी है। मुठभेड़ के दौरान दो कैप्टन, एक हवलदार और एक जवान शहीद हो गए हैं। जबकि एक मेजर और एक अन्य जवान घायल हैं, जिन्हें उधमपुर स्थित सैन्य अस्पताल भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि धर्मसाल के बाजीमाल इलाके में सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस की संयुक्त घेराबंदी एवं तलाश अभियान के दौरान आतंकियों के साथ मुठभेड़ शुरू हो गई। सेना की 'व्हाइट नाइट कोर' ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर रविवार को राजौरी के गुलाबगढ़ जंगल के कालाकोट इलाके में संयुक्त अभियान शुरू किया गया। इसमें कहा गया है कि 22 नवंबर को मुठभेड़ हुई और भीषण गोलीबारी हुई।

### क्या कहते हैं स्थानीय बाशिंदे

स्थानीय निवासियों ने बताया कि इलाके में सक्रिय आतंकियों का पता लगाने के लिए रविवार से ही घेराबंदी एवं तलाशी अभियान जारी है। एक ग्रामीण ने बताया, 'अभियान के कारण हमें घर नहीं निकलने के लिए कहा गया था। हमारे बच्चे घर पर ही रहे और स्कूल नहीं गए।' अधिकारियों ने कहा कि बाजीमाल में मुठभेड़ स्थल पर घेरे गए दोनों आतंकवादी विदेशी नागरिक प्रतीत होते हैं और रविवार से इलाके में घूम रहे थे। उन्होंने कहा कि आतंकियों ने एक उपासना स्थल पर भी शरण ली थी।


## चुनाव प्रचार का आखिरी दिन

# आज शाम से चुनावी सभा-जुलूस और रैलियां बंद... होगा घर-घर संपर्क

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में विधानसभा चुनाव को लेकर प्रत्याशियों के प्रचार-प्रसार करने का सिलसिला गुरुवार शाम 6 बजे थम जाएगा। चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग की गाइडलाइंस के अनुसार प्रत्याशी और पार्टियों के गुरुवार शाम 6 बजे के बाद चुनावी सभा, रोड शो, जुलूस, रैली, लाउडस्पीकर पर रोक रहेगी। गुरुवार शाम 6 बजे से चुनावी भाषा में 'साइलेंस पीरियड ऑफ 48 ऑवर्स' शुरू हो जाएगा।

इससे पहले चुनावी शोर थमने का समय शाम पांच बजे होता था, लेकिन इस बार वोटिंग का समय शाम 6 बजे होने के कारण चुनाव प्रचार का शोर भी शाम छह बजे बंद होगा। वहीं पार्टियों के बाहरी स्टार प्रचारकों को भी राज्य से बाहर जाना होगा। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन प्रदेश की दोनों प्रमुख पार्टियों अपना दमखम दिखाएगी। भाजपा और कांग्रेस पार्टी सहित अन्य पार्टियों के स्टार प्रचारक प्रदेश भर ने चुनावी सभाओं, रैलियों, रोड शो और जुलूस निकालेंगे।



### सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर चला सकते हैं प्रचार का अभियान

गुरुवार शाम 6 बजे के बाद विधानसभा प्रत्याशी अपने पक्ष में मतदान की अपील को लेकर घर-घर जाकर प्रचार कर सकते हैं। वहीं, प्रत्याशी अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रचार का अभियान चला सकते है। साथ ही अपने समर्थन और वोट की अपील कर पोस्ट कर सकते हैं। गौरतलब है कि प्रदेश में चुनावों को लेकर राजस्थान में चुनाव प्रचार चरम पर है। प्रदेश की दोनों प्रमुख पार्टियों के दिग्गज चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। प्रदेश में शनिवार को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक होगा। प्रदेश में लगातार तीसरी बार 199 के लिए मतदान होगा। गौरतलब है कि श्रीगंगानगर जिले की करणपुर विधानसभा सीट के कांग्रेस प्रत्याशी निधन होने के कारण उस सीट के लिए अभी मतदान नहीं होगा।

### मतदान के बाद सेल्फी अपलोड करने पर सर्टिफिकेट



प्रदेश में 25 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से निर्वाचन विभाग की ओर से मतदाताओं को डिजिटल सर्टिफिकेट जारी करने की पहल की गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि मतदान दिवस पर सीईओ राजस्थान की वेबसाइट पर मतदान के उपरांत सेल्फी अपलोड करने वाले मतदाता को डिजिटल सर्टिफिकेट जारी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राज्य में 25 नवंबर को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होने वाले विधानसभा आम चुनाव 2023 के दृष्टिगत मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए मतदान केन्द्रों पर सेल्फी पॉइंट बनाये गए हैं। उन्होंने बताया कि मतदान केन्द्रों पर स्थापित सेल्फी पॉइंट से मतदाताओं की ओर से सेल्फी लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट https://ceorajasthan.nic.in/ पर प्रदर्शित लिंक Upload your Selfie and Download Digital Certificate पर क्लिक कर पोर्टल पर अपलोड करने पर डिजिटल सर्टिफिकेट जारी किया जायेगा।

# घाणी तकनीक से दूर होगा खाद्य तेल का संकट



डॉ. मनोज मुरारका
स्वतंत्र टिप्पणीकार

खाने के तेलों का इतिहास बहुत पुराना है। करीब साढ़े तीन हजार साल से भी ज्यादा पुराना। कहा जाता है कि तिल के बीज का इंसानों ने काफी पहले से इस्तेमाल शुरू कर दिया था। हालांकि इसके उपयोग करने के तरीके के बारे में कोई स्पष्टता नहीं है, फिर भी संभव है कि इसे क्रश करके तेल बना दिया गया हो। इसके बाद तो तिलों को पीसने या कुचलने के स्पष्ट प्रमाण मौजूद हैं। इतिहासकार बताते हैं कि 1930 के दशक के अंत में हड़प्पा में खुदाई में तिलों के ढेर और जले हुए तिल मिले थे। इन्हें 3050-3500 ईसा पूर्व का बताया जा रहा है। यह खाद्य तेल उत्पादन के शुरुआती उदाहरणों में से एक माना जा रहा है। इतिहासकार केटी आचार्य का कहना है कि वैदिक काल से तिल का बीज तिला था और तिल का तेल तैला था, जबकि तिलका का मतलब तिला से था। बाद में इन तीन शब्दों को एक ऑयल प्रेस को डिनोट करने के लिए जोड़ा गया, जिसमें तीन शब्द पेशर्ण (पीसने के लिए), यंत्र (मशीन) और चक्र (पहिया) शामिल थे।

अब बात करते हैं आजाद भारत की। 1970 के दशक की शुरुआत तक भी भारत खाद्य तेलों में लगभग 95 फीसदी आत्मनिर्भर था। खपत किए जाने वाले तेल के प्रकार अभी भी स्थानीय उत्पादन से जुड़े हुए थे, जैसे तटों पर नारियल का तेल, उत्तर और पूर्वी भारत में सरसों का तेल, पश्चिम और दक्षिण भारत में मूंगफली, कुसुम और तिल का तेल। इससे पहले 1960 के दशक में फसल खराब होने से खाद्य तेल उत्पादन पर असर पड़ा, लेकिन असली समस्या उनकी प्रतिक्रिया में आई। चावल और गेहूं के उत्पादन में विफलता नई, लचीली और उच्च उत्पादक फसल किस्मों की ब्रीडिंग की ओर ले गई, जिसे हरित क्रांति कहा गया। हालांकि तिलहन और दलहन के मामले में यह विकास नहीं हुआ। कीमतें बढ़ने से सरकार को पाम तेल के आयात की अनुमति देनी पड़ी, प्रमुख रूप से वनस्पति बनाने के लिए। आर्थिक विकास के साथ आहारों में अधिक विविधता आने से आयात को और बढ़ावा मिला।

> *सूरजमुखी और कैनोला जैसे खाद्य तेल के नए स्रोतों को विकसित करने का प्रयास किया गया। यहां तक कि भारत के पारंपरिक विकल्पों की भी जांच की गई जैसे कि साल, कोकम और आम की गिरी के बीज जैसे ट्री-बेस्ड वसा स्रोतों का इस्तेमाल। ये मुख्यधारा के खाद्य तेलों की जगह ले सकते थे, जिनका इस्तेमाल साबुन जैसे उत्पादों में किया जा रहा था।*

साल 1980 में केंद्र सरकार ने तिलहन उत्पादन बढ़ाने की कोशिश की। डॉ. वर्गीज कुरियन को इसके लिए साथ लाया गया। उस वक्त हाइड्रोजनीकरण से जुड़े स्वास्थ्य मुद्दों के कारण लिक्विड तेल एक बड़ी कैटेगरी बन गया था। वहीं सैम पित्रोदा को तिलहन प्रौद्योगिकी मिशन का प्रभारी बनाया गया, जिसने तिलहन की खेती के तहत रकबे को बढ़ावा दिया। सूरजमुखी और कैनोला जैसे खाद्य तेल के नए स्रोतों को विकसित करने का प्रयास किया गया। यहां तक कि भारत के पारंपरिक विकल्पों की भी जांच की गई जैसे कि साल, कोकम और आम की गिरी के बीज जैसे ट्री-बेस्ड वसा स्रोतों का इस्तेमाल। ये मुख्यधारा के खाद्य तेलों की जगह ले सकते थे, जिनका इस्तेमाल साबुन जैसे उत्पादों में किया जा रहा था। उस वक्त लोग न केवल सीधे तौर पर अधिक तेल का सेवन कर रहे थे, बल्कि बिस्कुट, इंस्टेंट नूडल्स और कुरकुरे डीप फ्राइड स्नैक्स जैसे उत्पादों के रूप में भी तेल को शरीर में बड़ी मात्रा में ले जा रहे थे।

इसके बाद खाद्य तेल में भारत की आत्मनिर्भरता बढ़ गई, लेकिन 1990 के दशक में दो घटनाओं ने हालात बदल दिए। एक था भारत द्वारा विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) समझौते पर हस्ताक्षर, जिसने भारतीय उत्पादों की सुरक्षा के लिए सरकार के दायरे को कम कर दिया। सरकार को आयात के रास्ते खोलने के लिए चावल, गेहूं, चीनी और तिलहन में से चुनाव करना था। चावल, गेहूं और चीनी उपभोक्ताओं के लिए अधिक भावनात्मक और किसानों के लिए महत्वपूर्ण थे। लिहाजा सरकार ने इन्हें छोड़कर तिलहन का आयात खोल दिया। दूसरी घटना थी 1998 में सरसों के तेल के दूषित होने से जुड़ी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का प्रकोप। हालांकि इसके कारण स्पष्ट नहीं हो पाए, पर इसने बड़ी कंपनियों द्वारा बेचे जा रहे नए और आम तौर पर आयातित प्रकार के तेलों सोयाबीन और पाम तेल को बेहद फायदा पहुंचाया। इसकी वजह थी कि इन्हें स्वास्थ्य के लिए अच्छे होने के दावों के साथ बेचा गया।

अब बात करते हैं खपत की। साल 2021-22 में भारत में खाने वाले तेल की खपत 2.58 करोड़ टन रही, जो एक दशक पहले के मुकाबले 60 लाख टन अधिक है। 2022 से 2023 के बीच इंटरनेशनल लेवल पर क्रूड एडिबल ऑयल की कीमत में भारी गिरावट आई। हालांकि इस अनुपात में देश में खाने तेल की कीमत में कमी नहीं आई।

मई, 2022 से जुलाई, 2023 के बीच क्रूड पाम ऑयल और आरबीडी (रिफाइंड) पामोलीन की कीमत में इंटरनेशनल लेवल पर 45 फीसदी गिरावट आई। इस दौरान भारत में वनस्पति की कीमत में 21 फीसदी और पाम ऑयल की कीमत में 29 फीसदी गिरावट रही। सोयाबीन और सूरजमुखी के तेल का भी यही हाल रहा। गौरतलब है कि 2008 में भारत से खाद्य तेलों के एक्सपोर्ट पर बैन लगा दिया गया था, लेकिन 2018 से खाद्य तेलों के एक्सपोर्ट की अनुमति दी गई। हालांकि सरसों के तेल के एक्सपोर्ट पर सीलिंग लगाई गई है। इसे पांच किलो के पैक में मिनिमम एक्सपोर्ट प्राइस पर निर्यात किया जा सकता है। बढ़ती कीमत के कारण एक्सपोर्ट के लिए कम ही गुंजाइश है। 2022-23 में एक्सपोर्ट घरेलू उपलब्धता का एक फीसदी भी नहीं पहुंच पाया।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## शालिग्राम-तुलसी विवाह

# पृथ्वी पर छलके अमृत से तुलसी की उत्पत्ति



अशोक 'प्रवृद्ध'
स्वतंत्र टिप्पणीकार

> *राधा ने उसे कृष्ण के साथ रतिकर्म में मग्न देखकर मृत्युलोक जाने का शाप दिया था। कृष्ण की प्रेरणा से ही उसने ब्रह्मा की तपस्या की थी। इसलिए ब्रह्मा से उसने पुन: श्रीकृष्ण को पतिरूप में प्राप्त करने का वर मांगा। ब्रह्मा ने कहा - तुम जातिस्मरा हो तथा सुदामा भी अभी जातिस्मर हुआ है, उसको पति के रूप में ग्रहण करो। नारायण के शाप अंश से तुम वृक्ष रूप होकर वृंदावन में तुलसी अथवा वृंदावनी के नाम से विख्यात होगी।*

कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी की तिथि का अपना विशिष्ट मांगलिक व आध्यात्मिक महत्व है। कार्तिक शुक्ल एकादशी को देवोत्थान एकादशी कहते हैं। इस दिन भगवान विष्णु चार महीने तक शयन करने के बाद जागृतावस्था को प्राप्त करते हैं। भगवान विष्णु को तुलसी अत्यंत प्रिय हैं। तुलसी का एक अन्य नाम वृंदा भी है। देवतागण जागने पर सर्वप्रथम प्रार्थना हरिवल्लभा तुलसी की ही सुनते हैं। इसीलिए इस तिथि को देव जागरण के पवित्र मुहूर्त के स्वागत के लिए तुलसी विवाह का आयोजन किए जाने की पौराणिक परिपाटी है।

इसमें तुलसी नामक पौधे का औपचारिक विवाह शालिग्राम अर्थात विष्णु के साथ किया जाता है। इस विवाह में शालिग्राम रूपी विष्णु वर और तुलसी कन्या की भूमिका में होती है। यह सारा आयोजन यजमान सपत्नीक मिलकर करते हैं। कुछ स्थानों पर तुलसी विवाह कार्तिक शुक्ल पक्ष नवमी की तिथि को मनाया जाता है। कुछ लोग एकादशी से पूर्णिमा तक तुलसी पूजन कर पांचवें दिन तुलसी विवाह करते हैं। तुलसी विवाह का अर्थ है- तुलसी के माध्यम से भगवान का आह्वान। इसे मानसून का अंत और विवाह के लिए उपयुक्त समय के रूप में माना जाता है। इसके बाद चार माह से रूके पड़े विवाह आदि शुभ मांगलिक नवीन कार्य प्रारंभ हो जाते हैं।

दैवीय गुणों से अभिपूरित तुलसी औषधियों की भंडार है। तुलसी को अथर्ववेद में महाऔषधि की संज्ञा प्रदान की गई है। तुलसी को संस्कृत में हरिप्रिया कहा जाता है। मान्यता है कि तुलसी नामक औषधि की उत्पति से भगवान विष्णु का मनः संताप दूर होने के कारण तुलसी को हरिप्रिया का नाम प्राप्त हुआ है। तुलसी की जड़ में सभी तीर्थ, मध्य में सभी देवी-देवता और ऊपरी शाखाओं में सभी वेद स्थित हैं। तुलसी का प्रतिदिन दर्शन करना तथा पूजन करना क्रमशः पापनाशक तथा मोक्षदायक माना जाता है। देवपूजा और श्राद्धकर्म में तुलसी आवश्यक है। तुलसी पत्र से पूजा करने से व्रत, यज्ञ, जप, होम,



हवन करने का पुण्य प्राप्त होता है। तुलसी लकड़ी की अग्नि से मृत शरीर का दहन किए जाने से मृतक मोक्ष को प्राप्त होते हैं, उनका पुनर्जन्म नहीं होता। ऐसी मान्यता है कि प्राणी के अंत समय में मृत शैया पर पड़े व्यक्ति को तुलसी दलयुक्त जल का सेवन कराने से उस व्यक्ति को मोक्ष प्राप्त होता है। पौराणिक कथा के अनुसार देव और दानवों के द्वारा किए गए समुद्र मंथन के समय पृथ्वी पर छलके अमृत से तुलसी की उत्पत्ति हुई। ब्रह्मा ने उसे भगवान विष्णु को सौंपा। पद्म पुराण के अनुसार तुलसी के पौधे में ब्रह्मा, विष्णु, महेश का निवास होता है। तुलसी की सेवा करने से सूर्य के उदय होने से अंधकार के नष्ट हो जाने की भांति महापातक भी नष्ट हो जाते हैं।

जिस प्रसाद में तुलसी नहीं होता उसे भगवान स्वीकार नहीं करते। भगवान विष्णु, योगेश्वर कृष्ण और पांडुरंग श्री बालाजी के पूजन के समय तुलसी पत्रों का हार उनकी प्रतिमाओं को अर्पण किया जाता है। तुलसी अर्थात वृंदा भगवान श्रीकृष्ण की प्रिया मानी जाती है। श्रीकृष्ण अथवा विष्णु तुलसी पत्र से प्रोक्षण किए बिना नैवेद्य स्वीकार नहीं करते। महिलाएं सौभाग्य, वंश समृद्धि के लिए तुलसी पौधे को जल सिंचन, रोली अक्षत से पूजकर दीप जलाती हुई। पूजार्चना-प्रार्थना करती है। वर्ष भर तुलसी के थांवले का पूजन की परिपाटी है, परंतु विशेष रूप से कार्तिक मास में इसे पूजते हैं। कार्तिक मास में विष्णु भगवान का तुलसीदल से पूजन करने का विशेष महत्व है।

तुलसी से संबंधित अनेक पौराणिक कथाएं प्रचलित है, उनमें से एक कथा के अनुसार धर्मध्वज की पत्नी माधवी से उत्पन्न पुत्री तुलसी अतीव सुंदरी थी। जन्म लेते ही वह नारीवत होकर बदरीनाथ में तपस्या करने चली गई। ब्रह्मा ने दर्शन देकर जब उसे वर मांगने के लिए कहा तो उसने कहा कि वह पूर्वजन्म में श्रीकृष्ण की सखी थी। राधा ने उसे कृष्ण के साथ रतिकर्म में मग्न देखकर मृत्युलोक जाने का शाप दिया था। कृष्ण की प्रेरणा से ही उसने ब्रह्मा की तपस्या की थी। इसलिए ब्रह्मा से उसने पुनः श्रीकृष्ण को पति रूप में प्राप्त करने का वर मांगा।

ब्रह्मा ने कहा-तुम जातिस्मरा हो तथा सुदामा भी अभी जातिस्मर हुआ है, उसको पति के रूप में ग्रहण करो। नारायण के शाप अंश से तुम वृक्ष रूप होकर वृंदावन में तुलसी अथवा वृंदावनी के नाम से विख्यात होगी। तुम्हारे बिना श्रीकृष्ण की कोई भी पूजा नहीं हो पाएगी। राधा को भी तुम प्रिय हो जाओगी। ब्रह्मा ने उसे षोडशाक्षर राधा मंत्र दिया। दूसरी कथा के अनुसार एक बार महायोगी शंखचूड़ नामक राक्षस महर्षि जैवीषव्य से कृष्ण मंत्र पाकर बदरीनाथ में प्रवेश पाने में सफल हो गया। वहां अनुपम सौंदर्यवती तुलसी से मिलने पर उसने बताया कि वह ब्रह्मा की आज्ञा से उससे विवाह करने के निमित्त वहां पहुंचा है। तुलसी ने उससे विवाह कर लिया। वे लोग दानवों के अधिपति के रूप में निवास करने लगे, लेकिन शंखचूड़ का उत्पात कम होने का नाम नहीं ले रहा था। शंखचूर्ण का उपद्रव बहुत अधिक बढ़ जाने पर एक दिन हरि ने अपना शूल देकर शिव से शंखचूड़ को मार डालने के लिए कहा। शिव ने उस पर आक्रमण किया, लेकिन वह पराजित नहीं हो रहा था। देवताओं ने देखा कि जब तक उसकी पतिव्रता पत्नी के पास नारायण का दिया हुआ कवच है, उसे मारना असंभव है। इसलिए नारायण ने बूढ़े ब्राह्मण के रूप में जाकर उससे कवच की भिक्षा मांगी। शंखचूड़ का कवच पहनकर उसके समान रूप बनाकर वे उसके घर के सम्मुख दुंदुभी बजाकर अपनी देवताओं पर विजय की घोषणा करने लगे।

प्रसन्नता के आवेग में तुलसी ने उनके साथ समागम किया। तदनन्तर विष्णु को पहचानकर पतिव्रत धर्म नष्ट करने के कारण उसने विष्णु को पत्थर हो जाने का शाप देते हुए कहा कि देवताओं को प्रसन्न करने के लिए आपने अपने भक्त के हनन के निमित्त उसकी पत्नी से छल किया है। यह देख शिव ने प्रकट होकर उसके क्रोध का शमन करते हुए कहा, तुम्हारा यह शरीर गंडक नामक नदी तथा केश तुलसी नामक पवित्र वृक्ष होकर विष्णु के अंश से बने समुद्र के साथ विहार करेगा। तुम्हारे शाप से विष्णु गंडकी नदी के किनारे पत्थर के रूप में पड़े होंगे और तुम तुलसी के रूप में उन पर अर्पण की जाओगी। शंखचूड़ पूर्वजन्म में सुदामा था, तुम उसे भूलकर तथा इस शरीर को त्यागकर अब तुम लक्ष्मीवत विष्णु के साथ विहार करो। शंखचूड़ की पत्नी होने के कारण नदी के रूप में तुम्हें सदैव शंख का साथ मिलेगा। तुम समस्त लोकों में पवित्रतम वृक्ष के रूप में रहोगी। यह कह शिव अंतर्धान हो गए और वह शरीर का परित्याग करके बैकुंठ चली गई। माना जाता है कि तभी से विष्णु के शालिग्राम रूप की तुलसी की।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

## व्यंग्य

# मतों की मंडी के सौदागर...



राजेंद्र बज
व्यंग्यकार

सब तरफ धक्के खाने वाला यदि दूसरों को धक्का मारने की स्थिति में आ जाए, तो इसे लोकतंत्र की खूबसूरती करार दे दिया जाना चाहिए। हाल-फिलहाल पंच प्रांतों के तथाकथित मुल्क के मालिकों के सम्मुख यह अवसर आया। आम आदमी का दिनोंदिन बढ़ती महंगाई के चलते चाहे दिवाला निकला जा रहा हो, लेकिन लोकतंत्र की दिवाली में नेताओं के मुखारविंद से फूटते पटाखों के बीच "सब्जबाग की मिठाई" का उपहार दिए जाने का पक्का आश्वासन दिया गया। कोई वादा करते हुए गारंटी दे रहा है, तो कोई अपना खैराती संकल्प जाहिर कर रहा है।। एक प्रकार से " लूटने के लिए लुटाने " का दौर जारी है सूबे की सत्ता की इस लड़ाई में राष्ट्रीय स्तर पर चर्चित सितारों की भूमिका भी सुनिश्चित हो गई है।

हाल कुछ ऐसा है कि दिल्ली की सियासत के कर्ता-धर्ता सूबे की सियासत के कर्णधारों की बात पर व्यक्तिगत गारंटी तक दे रहे हैं। कोई यह दे रहा है और कोई वह दे रहा है, ऐसे में मतदाता भी कौन कितना देगा ? इस दिवाली के पूर्व इसका हिसाब लगाकर पंचवर्षीय दिवाली मनाने को बेताब नजर आता है। इधर वालो और उधर वालो के बीच जमकर वाकयुद्ध का दौर जारी है। एक दूसरे के चेहरे या मुखोटे पर जमकर कालिख पोती जा रही है। अलग-अलग दल के वोट बैंक को साधते हुए उनके इलाकों को भी साधा गया है। जिनको इधर से उधर या उधर से इधर आना-जना था, उनको या तो प्रतिसाद मिल गया या फिर उनके हाथ में कोई न कोई झुनझुना थमाने का वचन दे दिया गया। आजकल चुनाव लड़ना कोई बच्चों का खेल नहीं रहा। यदि चुनाव जीतने के लिए लड़ा जाए, तो भारी मात्रा में निवेश की आवश्यकता हुआ करती है। आजकल के कार्यकर्ताओं का इंजन गर्म करने के लिए नाना प्रकार की व्यवस्था का माकूल इंतजाम भी करना होता है। किसी के घर में बिटिया की शादी हो तो बरात आगमन से लेकर विदाई तक का ही बारातियों को झेलने का भार हुआ करता है, लेकिन राजनीति में टिकट मिलने से लेकर मतदान प्रक्रिया पूर्ण होने तक कार्यकर्ताओं को पूरे समय झेलना होता है। खैर, कुछ भी कहो लेकिन एक बात तय है कि जब मतदाता की मंडी का बाजार सज जाता है, अलग-अलग समूह के सौदागर अपनी खरीदी प्रारंभ कर दिया करते हैं।

ऐसा करना इसलिए भी लाजिमी है कि यदि हम ऐसा नहीं करेंगे, तो वे तो वैसा ही करेंगे। चुनाव प्रचार की शैली में भेड़चाल एक सामान्य बात है। एक ने स्टार प्रचारक को बुला लिया तो दूसरे के लिए अपने स्टार प्रचारक को बुलाना जरूरी हो जाता है। एक पार्टी कार्यकर्ताओं को हथेली पर रखा करती है, तो दूसरी पार्टी को अपने कार्यकर्ताओं को अपने सिर माथे पर रखना होता है। जनता का प्रतिनिधि बन कर जन सेवा करने के लिए जमकर माल लगाना होता है। फिर इसका कमाल कुछ ऐसा होता है कि सौदागर मालामाल हो जाता है।

## नॉलेज कॉर्नर: भारतीय रेलवे में प्रतिदिन 13,169 से ज्यादा ट्रेनों का संचालन

# कैसे बुक होती है सीट, कैसा है पूरा सिस्टम?

इंडियन रेलवे दुनिया का सबसे बड़ा रेल नेटवर्क है, इससे हर रोज लाखों करोड़ों लोग एक जगह से दूसरी जगह ट्रैवल करते हैं। आपको जानकर हैरानी होगी कि भारतीय रेलवे हर रोज 13 हजार 169 ट्रेन चलाती है। इसके बाद भी अगर आपको ऐन मौके पर किसी ट्रेन में कंफर्म टिकट चाहिए तो इसके लिए आपको बड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। कई मौकों पर तो दिन ही नहीं बल्कि महीनों पहले से टिकट बुक करने के बावजूद भी कंफर्म टिकट यात्रियों को नहीं मिल पाता है।वैसे जब आप ट्रेन में पसंदीदा सीट चाहते हैं तो यह आपको कैसे मिल पाएगी। आज के नॉलेज कॉर्नर में विस्तार से जानते हैं रेलवे में सफर करने और टिकट की बुकिंग के बारे में...

### सॉफ्टवेयर से होती है टिकट की बुकिंग

दरअसल, भारतीय रेलवे के टिकट बुकिंग सॉफ्टवेयर को इस तरह से डिजाइन किया जाता है कि वह टिकट बुक करते समय इस बात का ध्यान रखे कि ट्रेन में भार समान रूप से वितरित हो जाए। यानी जब कोई पहली टिकट बुक करता है तो उसको सीट बीच के कोच में दी जाती है। ये सीट भी खासतौर से लोअर बर्थ होती है। कुल मिलाकर कहें तो ये सॉफ्टवेयर इस तरह सौ सीटों को बुक करता है कि पूरी ट्रेन में समान रूप से यात्रियों का वितरण हो सके। यानी ऐसा ना हो कि कोई



कोच पूरी भरी हो और किसी कोच में सिर्फ 10 या 20 यात्री ही बैठे हों। बुकिंग के समय सॉफ्टवेयर इस बात का भी ख्याल रखता है कि कोचों में यात्रियों की संख्या संतुलित अनुपात में ही हो। सॉफ्टवेयर यह कार्य ऑटोमेटिक तरीके से करता है।

### संख्या के आधार पर मिलेगी मनचाही बर्थ

बर्थ अगर आपको अपनी पसंदीदा सीट चाहिए तो आपको अपनी टिकट बुक करते समय एक काम करना होगा। दरअसल, जब आप ट्रेन की टिकट बुक कर रहे होते हैं तो बुकिंग के समय ही सीट प्रिफ्रेंस का ऑप्शन आता है। यहां से आप अपनी मनपसंद की सीट बुक कर सकते हैं। हालांकि, यहां अपनी पसंदीदा सीट चुनने के बाद भी ये तय नहीं होता कि आपको वही सीट मिले। सीट तभी मिलती है जब आपके टिकट बुक करते समय ट्रेन में कई सीटें खाली हों।

### ऐसे मिलती है पसंदीदा सीट?

*आमतौर पर एक कोच में औसतन 72 से 110 सीटें होती हैं। थर्ड एसी और स्लीपर कोच के सीटों में पांच प्रकार होते हैं। पहला लोअर बर्थ, दूसरा मिडिल बर्थ, तीसरा अपर बर्थ, चौथा साइड लोअर बर्थ और पांचवां साइड अपर बर्थ। यात्री अपनी मनपसंद सीट नियमानुसार बुकवाकर आनंदपूर्वक यात्रा कर सकते हैं।* कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन

X



**स्मृति ईरानी,** केंद्रीय मंत्री
@smritiirani
चंदन है इस देश की माटी, तपोभूमि हर ग्राम है। हर बाला देवी की प्रतिमा, बच्चा-बच्चा राम है



**अमिताभ बच्चन,** अभिनेता
@SrBacchan
असफलता, जीवित है ही नहीं; केवल अपना रुख़ बदल देती है



**रजत शर्मा,** वरिष्ठ पत्रकार व एंकर
@RajatSharmaLive
जो चीज़ आसानी से मिल जाती है, वो ज़्यादा देर नहीं टिकती। जो चीज़ मुश्किल से हासिल होती है, वो देर तक टिकती है।

**विधानसभा चुनाव** | **कोटा में विकसित एयरपोर्ट का मुद्दा इस बार भी हावी**

# चुनावी गर्मी बढ़ा रहा अधूरा हवाई अड्डा

बेधड़क | जयपुर/कोटा

राजस्थान में विधानसभा चुनाव प्रचार के जोर पकड़ने के साथ कोटा में एक हवाई अड्डे के विकास की मांग गरमाती दिख रही है। इस विकास परियोजना के साकार नहीं होने के लिए कांग्रेस और भाजपा एक-दूसरे पर आरोप लगा रही हैं। देशभर में शिक्षानगरी के रूप में पहचान रखने वाले कोटा में पूरे देश से छात्र-छात्राएं आते हैं। इन छात्र-छात्राओं सहित इनके अभिभावकों को भी कई बार कोटा आना-जाना होता है। इसके साथ ही कोटा राजस्थान का एक बड़ा शहर भी है। ऐसे में यहां पूर्ण विकसित हवाई अड्डा होना समय की मांग है। कोटा में एक छोटा हवाई अड्डा है, लेकिन नियमित उड़ान सेवाओं के अभाव में केवल वीआईपी या विशेष विमान ही वहां उतरते हैं।

ऐसे में यह मुद्दा इन चुनावों में एक बड़े मुद्दे के रूप में सामने आ रहा है और चुनाव परिणामों को प्रभावित कर सकता है। विशेष रूप से कोटा उत्तर सीट पर प्रचार अभियान में हवाई अड्डे का मुद्दा बड़ी जगह बना चुका है। वाणिज्यिक उड़ानों की सेवा प्रदान करने वाले एक नियमित हवाई अड्डे की यहां लंबे समय से मांग होती रही है। यह मुद्दा पिछले विधानसभा व लोकसभा चुनाव में भी हावी था पर अब तक इसका कोई समाधान नहीं हुआ।




## देशभर से आने वाले लाखों छात्रों व उनके अभिभावकों के लिए जरूरी है यह सुविधा

इंजीनिंयरिंग और मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए देशभर से सालाना दो लाख से अधिक छात्र कोटा आते हैं। इनमें से कई दूर-दराज के इलाकों से यात्रा करते हैं और यहां नियमित हवाई अड्डे के अभाव में उन्हें नई दिल्ली, जयपुर या उदयपुर के रास्ते कोटा आना पड़ता है। यहां प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहीं आंध्र प्रदेश के कुरनूल की छात्रा सरीना संदीप का कहना है कि देशभर से छात्र कोटा आते हैं। कुछ बहुत दूर के राज्यों से आते हैं जहां से यात्रा करने में बहुत समय लगता है। हवाई अड्डे की सुविधा कोटा में होनी ही चाहिए। इंजीनियरिंग परीक्षा की तैयारी कर रहे एक छात्र का कहना है कि एयरपोर्ट होने से अगर हमें घर जाना है, तो हम जल्दी जा सकते हैं और बिना समय बर्बाद किए वापस आ सकते हैं। यहां छुट्टियां भी बहुत कम मिलती हैं। अगर एक नियमित हवाई अड्डा होगा, तो हमारा समय बचेगा। मध्य प्रदेश के शहडोल के एक अभिभावक राजेंद्र सिंह, जिनका बच्चा यहां परीक्षा की तैयारी कर रहा है, का कहना है कि ट्रेन कनेक्टिविटी अच्छी है, लेकिन कई बार केवल एक दिन का समय होता है जिसमें बच्चे से मिलकर वापस लौटना होता है और ऐसी स्थिति में अगर विमान सेवा हो तो बहुत समय बच सकता है।

### सबके अपने-अपने आरोप



"शहरी सुधार ट्रस्ट कोटा ने 34 हेक्टेयर जमीन भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण को मुफ्त में हस्तांतरित कर दी है। वन भूमि डायवर्जन के लिए 21.13 करोड़ वन विभाग को जारी करने के बावजूद परियोजना पर काम नहीं शुरूकिया।

-अशोक गहलोत, मुख्यमंत्री



"राजस्थान सरकार की अस्थिर प्रतिक्रिया और जमीन सौंपने की धीमी गति के कारण कोटा में एक हवाई अड्डे के विकास की प्रक्रिया में देरी हुई है। इसके लिए पूरी तरह से राजस्थान की राज्य सरकार जिम्मेदार है।

-ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री



"परियोजना को रोकने के लिए केंद्र सरकार जिम्मेदार है। लोकसभा अध्यक्ष और स्थानीय सांसद ओम बिरला ने इस डर से हवाई अड्डे के विकास के लिए सकारात्मक भूमिका नहीं निभाई कि इसका श्रेय राज्य की कांग्रेस सरकार को मिल जाएगा।

-शांति धारीवाल, कांग्रेस प्रत्याशी



"मंजूरी के बाद राज्य को जो जमीन देनी थी वह नहीं दी गई है। यह राज्य सरकार की जिम्मेदारी थी। जहां भी हवाई अड्डा बनते हैं, राज्य सरकार जमीन उपलब्ध कराती है। राज्य सरकार ने अपनी जिम्मेदारी ठीक से नहीं निभाई।

- प्रह्लाद गुंजल, भाजपा प्रत्याशी

### धारीवाल विकास तो गुंजल भ्रष्टाचार के मुद्दे पर मैदान में

कोटा उत्तर सीट से राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के भरोसेमंद व नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल का मुकाबला वसुंधरा राजे के नजदीकी भाजपा नेता प्रह्लाद गुंजल से है। राज्य सरकार के वरिष्ठ मंत्री धारीवाल को उम्मीद है कि विकास कार्यों के जरिए कोटा की कायापलट करने के लिए जनता एक बार फिर से उन्हें अपना आशीर्वाद देगी तो भाजपा उम्मीदवार गुंजल भ्रष्टाचार के आरोपों के दम पर 2013 की तरह धारीवाल को मात देने की आस लगाए हुए हैं। अशोक गहलोत सरकार में शहरी विकास और आवास विभाग के मंत्री धारीवाल को कांग्रेस में गहन मंथन के बाद टिकट दिया गया है क्योंकि वह उन तीन नेताओं में से एक हैं जिन्होंने सितंबर 2022 में पार्टी विधायक दल की बैठक से इतर विधायकों की बैठक बुलाई थी। कांग्रेस नेतृत्व ने इसे अनुशासनहीनता बताया था और धारीवाल समेत तीन नेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। कांग्रेस का कहना है कि उसकी सरकार के दौरान कोटा का कायपलट हो गया। कोटा में जो विकास कार्य हुए हैं उनमें यहां की प्रमुख रिवरफ्रंट परियोजना भी शामिल है। दूसरी तरफ, गुंजल का आरोप है कि धारीवाल ने भारी भ्रष्टाचार किया है। वह कथित भ्रष्टाचार के मुद्दे को लोगों के बीच उठा रहे हैं।



**बिहाइंड** | **द कर्टेन**

## वादों के सहारे विजय की कवायद

प्रचार अभियान चरम पर है। आखिरी दिनों में सबने ताकत झौंक दी। संकल्प पत्र भी हैं और घोषणा पत्र भी। पार्टियों ने लोक लुभावन वादों और गारंटियों की झड़ी लगा दी। कोई काम और राजधर्म के सहारे तो कोई सनातन के। इसी के साथ रोड शो, जनसभाएं। सर्वे, सट्टा बाजार, सोशल मीडिया, ट्रोल आर्मी। छत्तीस कौम और सभी देवी-देवता याद आ रहे हैं। फेक उपलब्धियां बताई जा रही हैं। उनसे भी नजदीकियां दिखा रहे हैं जिन्हें शुरू में साइड लाइन कर दिया था। जिनका नाम लेने से परहेज था उनके साथ फोटो खिंच रहे हैं। पोस्टर तक में चेहरा पसंद नहीं था, अब फूलों के हार में साथ नजर आ रहे हैं। जीत-हार लगी रहती है। हार का डर सबको लगता है। अजेय कोई भी नहीं है। अब वो बात नहीं जो 'हार में ना जीत में, किंचित नहीं भयभीत मैं।' देश ने उन्हें भी देखा जो बिना बोले काम करते रहे। अब जीत के लिए सारी सीमाएं ध्वस्त होती नजर आ रही है। प्रतिद्वंद्वियों को कोसा जा रहा है। दुश्मन समझा और बताया जा रहा है। अपशब्द के समानांतर शब्दों की भरमार है। भाषणों में राजनीति गायब। काव्यात्मक भाषा शैली और चुटीले संवाद सुनने को तरस गए। कम्यूनिकेशन का स्तर गिरता जा रहा है। न विकास का मॉडल न उपलब्धियां। सब कुछ मायाजाल नजर आ रहा है। कुछ नया कहने को नहीं है। न जनहित, न जनता के मुद्दे। नेगेटिव प्रचार सारी सीमाएं पार करता नजर आ रहा है। मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट की किसी को चिंता नहीं है। करीब एक माह पहले शुरू हुए सियासी घमासान का पटाक्षेप नजदीक आता जा रहा है। चुनाव अभियान का विश्लेषण बाद में होता रहेगा। इतना जरूर कह सकते हैं कि कुछ नेताओं ने रियल इश्यू पर फोकस रखा है। कई ऐसे मुद्दे सामने आए जो आने वाले लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय स्तर पर गूंजेंगे। फिलहाल जनता सब देख रही है। सबको सुन लिया। फैसले का वक्त आ गया है। कई सीटें हॉट बन गई हैं। कई जगह नेक टू नेक फाइट है। तीन दिसम्बर को ही पता चलेगा कि जनता प्रदेश के लिए क्या सोच रही है।

■ यायावर

**थड़ी** | **पॉलीटिक्स**

## ये चुनाव हैं, इनमें सब जायज है

**स्थान** अंबाबाड़ी | **समय** दोपहर 1:30 बजे

**जयपुर**

हमारे राजस्थान के लिए लोकतंत्र का सबसे बड़ा त्योहार बस दो दिन दूर है। आज शाम को प्रचार का शोर भी थम जाएगा। इसके बाद खुलकर अपने लिए वोट मांगने और सामने वाले को कोसने की बजाय ये काम चुपचाप अंदरखाने होंगे। अब दो दिन घर-घर दस्तक देकर अपने लिए वोट मांगे जाएंगे। प्रचार में भले शांति आ जाए पर माहौल में शांति नहीं आने वाली। क्योंकि जोड़-तोड़ अभी भी पूरे चरम पर ही रहने वाली है। आज शादियों का भी बड़ा दिन है तो शादी के पांडालों में भी राजनीति का बाजार सजने वाला है। शादियों में बधाई देने पहुंचने वाले नेताओं और उनके समर्थकों के हाथ में भले ही बधाई का लिफाफा दिखे, आंखों में अपने लिए वोट की उम्मीद ही दिखाई देगी। तो, लोकतंत्र की असली परिभाषा को समझने और जनता के नजरिए से चुनावों की नई तस्वीर देखने हम पहुंचे अंबाबाड़ी स्थित एक चाय की थड़ी पर। यहां एक ग्रुप में बैठे 5-6 युवाओं के बीच चुनाव से जुड़ा ही कोई मुद्दा बातचीत का केंद्र बना हुआ है। "आखिर दोनों ही पार्टी अपनी असलियत पर आ गई ना। चुनाव में एक दूसरे के खिलाफ लड़ना अलग बात है पर भाषा तो ठीक रखो। बात करनी है तो सामने वाले की वाजिब कमियों पर करो। कोई किसी को मूर्ख बोल रहा है, कोई किसी को पनौती बोल रहा है। ये तो बिल्कुल ही गलत है यार।" चुनावी सभाओं में मर्यादाहीनता पर बात चली तो सामने वाले ने बात को आगे बढ़ाया-"अरे गुरु, इसको सीरियसली मत लो। ये नेता ऐसी बातें मंच पर ही बोलते हैं, अगर आमने-सामने हों तो इनका आपस का प्रेम देखकर अपन दोनों भी शरमा जाएं। और मंच से तो एक-दूसरे को गालियां देनी ही पड़ेंगी वरना इनको सुनने कौन आएगा।" तीसरे साथी ने अपने चाय के कप से लम्बी चुस्की लेते हुए कहा-" तो भाई, जो काम हुए हैं या जो नहीं हुए हैं उनपर भी तो बात की जा सकती है। पर्सनल अटैक ही जरूरी है क्या किसी पर। मुद्दे की बात क्यों नहीं करते ये नेता।" चौथा साथी जो काफी देर से सिर्फ सुन रहा था, अपनी चाय खत्म कर बोला-"इनके पास कोई मुद्दा होगा तभी तो मुद्दे पर बोलेंगे। असली मुद्दा तो सिर्फ जनता के पास ही होता है। इनके पास तो सिर्फ एक ही मुद्दा है और वो है कुर्सी। ये चुनाव हैं, इनमें सब जायज है। बस कुछ भी करके, कुछ भी बोलके कुर्सी मिल जाए तो सारे पास धुल जाएंगे।" और इस असली बात को सुन चारों के चेहरों पर मुस्कुराहट फैल गई।

**पॉली** | **क्लिक्स**



**चुनावी रंग**

राजस्थान रंगों का प्रदेश है। यहां के रंग-बिरंगे परिधान हर किसी का मन मोह लेते हैं। चुनावी त्योहार का माहौल है तो ये रंग पूरी तरह चटख हो उठे हैं। कांग्रेस की एक चुनावी सभा में रंगीन पगड़ी में सजधज कर आए एक ग्रामीण ने कुछ इस तरह राजस्थानी संस्कृति को साकार किया।

**पॉली** | **टून**




**चुनावी** | **इतिहास के झरोखे से**



■ गुलाब बत्रा, वरिष्ठ पत्रकार
gulabbatra@gmail.com

# रोड शो में जिस ड्राइवर ने चलाई थी सीपी जोशी की गाड़ी, उसी ने दी एक वोट से मात

चुनाव प्रचार में रोड शो के प्रचलन में तेजी आई है। अक्सर बड़े नेता इसके मुख्य किरदार होते हैं। राजस्थान विधानसभा के चुनाव में राजधानी जयपुर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का रोड शो दो दिन पहले ही हुआ है। यह रोड शो किस प्रत्याशी की जीत में मददगार होगा, यह तो वक्त बताएगा। लेकिन 25 बरस पहले ऐसे एक चुनावी रोड शो ने एक जीप चालक की तकदीर बदल दी। विडम्बना यह रही कि दो राज्यों के तत्कालीन मुख्यमंत्री जिस प्रत्याशी के समर्थन में रोड शो कर रहे थे, दस साल बाद हुए चुनाव में जीप चालक ने उसी उम्मीदवार को विधानसभा चुन में दर्दनाक मात दी।

पाठक गण इस कथानक का परिदृश्य जानना चाहेंगे तो यह रोड शो वैष्णव सम्प्रदाय की प्रमुख पीठ नाथद्वारा में वर्ष 1998 के विधानसभा चुनाव का साक्षी बना। मध्यप्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और पहली बार राजस्थान के मुख्यमंत्री पद पर आसीन हुए अशोक गहलोत कांग्रेस के दिग्गज नेता डॉ. सीपी जोशी के समर्थन में रोड शो कर रहे थे।



जीप चला रहे कल्याण सिंह चौहान की बगल वाली सीट के पास खड़े सीपी जोशी और उनके पीछे खड़े अशोक गहलोत व दिग्विजय सिंह जनता का अभिवादन स्वीकार कर रहे थे। लेकिन समय ने ऐसा पलटा खाया कि 2008 के चुनाव में जीप चालक कल्याण सिंह चौहान ने मात्र एक वोट के अंतर से जोशी को हरा दिया। यह अनोखी चुनावी हार चर्चा का विषय बन गई। चुनाव याचिका के तकनीकी पहलुओं पर छिड़ी बहस के साथ साथ कांग्रेस की अंदरूनी राजनीति के चलते तत्कालीन मुख्यमंत्री गहलोत पर जोशी को चुनाव हरवाने के आरोप तक मढे गए। जोशी की इस चुनावी हार में एक सुखद मोड़ आया जब उन्हे भीलवाड़ा लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़वाया गया और वह केन्द्र सरकार में मंत्री भी बने।

### जोशी ने हर बार हासिल किए 50% से ज्यादा वोट

डॉ. जोशी ने 1980 से शुरु अपनी चुनावी मात्रा में हमेशा 50 प्रतिशत से अधिक वोट प्राप्त कर जीत हासिल की। वर्ष 1985 में उन्हें सर्वाधिक 70.73 प्रतिशत वोट मिले। लेकिन एक वोट से हार टीस दे गई। वर्ष 2008 में केवल एक वोट से चुनाव में पराजित होने वाले जोशी को 62 हजार 215 तथा भाजपा के कल्याण सिंह चौहान को 62 हजार 216 वोट मिले। कम्युनिस्ट पार्टी के रमेशचन्द्र ने 2632 और बसपा के ललित तिवारी ने 609 मत प्राप्त किए। तीन निर्दलीयों सहित पांच उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई। वर्ष 2013 के चुनाव में कल्याणसिंह पुनः निर्वाचित हुए लेकिन जोशी उनके सामने नहीं थे।

### मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा तब तक पूरा हो गया कार्यकाल

राजस्थान उच्च न्यायालय में 16 जनवरी 2009 को जोधपुर में प्रस्तुत चुनाव याचिका पर न्यायाधीश प्रकाशचन्द्र टाटिया के समक्ष शुरू हुई सुनवाई न्यायाधीश दिनेश माहेश्वरी ने 26 मार्च 2012 को पूरी कर निर्णय सुरक्षित रखा। इस बीच जोशी भीलवाड़ा से लोकसभा चुनाव जीत कर केन्द्र में भूतल एवं परिवहन मंत्री बन गए। सुनवाई के दौरान दिलचस्प कानूनी मुद्दों पर बहस हुई। विजयी प्रत्याशी कल्याण सिंह की पत्नी कल्पना कंवर उर्फ कल्पना सिंह के बूथ संख्या 39 एवं 40 पर कथित मतदान, रजिस्टर पर हिन्दी-अंग्रेजी हस्ताक्षर का मिलान, गवाहों की झूठी गवाही के साथ जोशी पक्ष द्वारा दो टेंडर वोट गिने जाने पर अपनी जीत का दावा- इन पर अदालत को फैसला सुनाना था। न्यायाधीश ने 31 अगस्त 2012 को जब फैसला सुनाया तो दोनों पक्ष मौजूद नहीं थे। कारण हाईकोर्ट की बैंच जयपुर में कायम करने पर जोधपुर के वकील वर्षों से माह के आखरी दिन अदालती कामकाज का बहिष्कार करते हैं। फैसले में अदालत ने कल्याणसिंह के चुनाव को रद्द करने, 51 हजार का जुर्माना लगाने तथा प्रत्याशी एवं पत्नी सहित गवाह लालूराम गमेती और सुरेशचन्द्र आचार्य के खिलाफ झूंठी गवाही देने पर आपराधिक मामला दर्ज करने के आदेश दिए। प्रतिवादी कल्याण सिंह चौहान ने एक माह की निर्धारित अवधि में इस फैसले को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी। उन्होंने पांच मुद्दे उठाए, लेकिन अदालत ने खारिज कर दिया। तब तक विधायक कार्यकाल भी पूरा हो चला था । एक वोट से पराजय की चुनाव याचिका का यह अध्याय सम्पूर्ण हुआ।






**तेलंगाना चुनाव परिक्रमा: पिता-पुत्र दोनों के सामने बड़ी चुनौती, कामारेड्डी सीट पर केसीआर-सिरसिला में बेटा रामा राव मैदान में**

# त्रिकोणीय मुकाबले में KCR के सामने डटे हैं BJP व कांग्रेस के 'रेड्डी'

एजेंसी | कामारेड्डी (तेलंगाना)

तेलंगाना में आगामी विधानसभा चुनाव में कामारेड्डी सीट पर वैसे तो त्रिकोणीय मुकाबला है, लेकिन मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के यहां से चुनाव लड़ने, पार्टी की संगठनात्मक मजबूती के कारण भारत राष्ट्र समिति को यहां फायदा हो सकता है।

कांग्रेस की राज्य इकाई के अध्यक्ष रेवंत रेड्डी और भाजपा के वरिष्ठ नेता के. वेंकट रमन रेड्डी मुख्यमंत्री के खिलाफ इस सीट से चुनाव मैदान में हैं। तेलंगाना में 30 नवंबर को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होगा। पांच बार के विधायक गम्पा गोवर्धन इस सीट से बीआरएस के विधायक थे, लेकिन राव ने दूसरी सीट, कामारेड्डी से भी चुनाव लड़ने का फैसला किया। इस सीट पर कांग्रेस के उम्मीदवार रेड्डी को उनसे कड़ी टक्कर मिलने की उम्मीद है। कांग्रेस ने भी पूर्व मंत्री मोहम्मद अली शब्बीर को इस सीट के बजाय निजामाबाद शहरी निर्वाचन क्षेत्र सीट से चुनाव मैदान में उतारा है। मुख्यमंत्री राव गजवेल से भी चुनाव लड़ रहे हैं। दूसरी ओर, भाजपा ने एक स्थानीय उम्मीदवार को मैदान में उतारा है जो 2018 के विधानसभा चुनावों में 15,000 मतों के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे।




मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के लिए कामारेड्डी विधानसभा सीट उनका पैतृक स्थल है क्योंकि उनका जन्म कोनापुर गांव में उनके नाना-नानी के घर में हुआ था। उनके परिवार के सदस्य अभी भी कामारेड्डी में रहते हैं और मजबूती के साथ उनका समर्थन कर रहे हैं।

### भाजपा ने बनाया स्थानीय बनाम बाहरी प्रत्याशी को मुद्दा

भाजपा उम्मीदवार रमन रेड्डी ने स्थानीय बनाम बाहरी का मुद्दा बना लिया है और कोनापुर गांव में चुनाव प्रचार करते हुए उन्होंने कहा,यदि केसीआर जीतते हैं, तो आपको अंततः गम्पा से संपर्क करना होगा। यदि रेवंत रेड्डी जीतते हैं, तो आपको शब्बीर भाई से संपर्क करना होगा। आप सीधे निर्वाचित विधायकों से नहीं मिल पाएंगे। लेकिन मैं आपके लिए हमेशा उपलब्ध रहूंगा, इसे ध्यान में रखें और निर्णय लें। कई कांग्रेस समर्थकों और कार्यकर्ताओं का मानना है कि अगर किसी स्थानीय उम्मीदवार को टिकट दिया जाता तो पार्टी बीआरएस को कड़ी टक्कर दे पाती। रेवंत रेड्डी के भाई कोंडल रेड्डी निर्वाचन क्षेत्र में अभियान का प्रबंधन कर रहे हैं।

### नाराज बुनकरों को साधने की चुनौती

**सिरसिला।** तेलंगाना की सिरसिला सीट से मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव के बेटे के.टी.रामाराव चुनाव लड़ रहे हैं और इस सीट पर निर्णायक भूमिका निभाने वाले बुनकर समुदाय में व्याप्त असंतोष इस बार उनके लिए चुनौती खड़ी कर रहा है। कांग्रेस और भाजप इस मौके को अपने पक्ष में भुनाने के प्रयास में हैं। तेलंगाना के गठन से पहले बुनकरों की आत्महत्या के कारण सुर्खियों में रहे सिरसिला विधानसभा क्षेत्र का बीते दस बरस तक भारत राष्ट्र समिति ने प्रतिनिधित्व किया है। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष एवं उद्योग मंत्री राव लगातार चौथी बार यहां से चुनाव लड़ रहे हैं। लगभग 2.43 लाख मतदाताओं वाली इस सीट में अधिकतर मतदाता 'पद्मशालिस' कहे जाने वाले बुनकर समुदाय के हैं। बुनकर बहुल इस सीट में किसी भी उम्मीदवार की जीत सुनिश्चित करने के लिए इनका समर्थन महत्वपूर्ण है। बुनकरों की आत्महत्या की घटनाएं तो रुक गई हैं, लेकिन 'बथुकम्मा साड़ी' योजना और समुदाय के सशक्तीकरण के लिए शुरू की गई अन्य विशेष योजनाओं के कार्यान्वयन को लेकर लोगों में असंतोष है।

---

### ओवैसी के भाई ने पुलिस को धमकाया

**हैदराबाद।** एआईएमआईएम विधायक अकबरुद्दीन ओवैसी के खिलाफ चुनाव प्रचार के दौरान एक पुलिस अधिकारी को कथित तौर पर धमकी देने और कर्तव्य निभाने में बाधा डालने के आरोप में बुधवार को यहां मामला दर्ज किया गया। अकबरुद्दीन एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन औवेसी के छोटे भाई हैं। तेलंगाना विधानसभा चुनाव में यहां चंद्रायनगुट्टा सीट से चुनाव लड़ रहे अकबरुद्दीन मंगलवार रात को जनसभा को संबोधित कर रहे थे, जहां संतोष नगर पुलिस थाने के थाना प्रभारी और अन्य पुलिस अधिकारी बंदोबस्त ड्यूटी के लिए पहुंचे। अकबरुद्दीन ओवैसी एक वीडियो वायरल हुआ है। जिसमें वह कहा रहे हैं कि उनहें बोलने से कोई नहीं रोक सकता और अगर वह इशारा करेंगे तो पुलिस अधिकारी वहां से भागने के लिए मजबूर हो जाएंगे।

### बोर्डों और निगमों में जल्द होंगी नियुक्तियां

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने बुधवार को कहा कि सत्तारूढ़ कांग्रेस अगले सप्ताह एक और दौर की चर्चा के बाद विभिन्न बोर्डों और निगमों में नियुक्तियों को अंतिम रूप देगी तथा फिर सूची को अनुमोदन के लिए पार्टी आलाकमान के पास भेजा जाएगा। कांग्रेस महासचिव और कर्नाटक प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के साथ इस विषय पर मंथन किया। शिवकुमार ने संवाददाताओं से कहा, बुधवार को भी भी सुरजेवाला ने चर्चा की है। हममें से कुछ नेता भी उनसे बात कर रहे हैं। हमने कुछ वरिष्ठ नेताओं और विधायकों की राय मांगी है। सुरजेवाला चुनाव प्रचार के बाद 28 नवंबर को शहर वापस आएंगे , जिसके बाद सूची को अंतिम रूप दिया जाएगा।

**राहुल की टिप्पणी पर गरमाई सियासत: भाजपा हमलावर**

# राहुल गांधी और खरगे पर कार्रवाई करे चुनाव आयोग

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कांग्रेस नेता राहुल गांधी के 'पनौती' वाले बयान पर सियासत तेज हो गई है। भाजपा ने राहुल गांधी के खिलाफ सियासी हमला तेज करते हुए निर्वाचन आयोग से उनके खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया।

इसके साथ ही भाजपा के कई नेताओं ने इस बयान को लेकर राहुल गांधी की तीखी आलोचना की है। पार्टी महासचिव राधा मोहन दास अग्रवाल और एक अन्य पदाधिकारी ओम पाठक सहित पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के खिलाफ भी निर्वाचन आयोग से कार्रवाई की मांग की और उन पर यह झूठा दावा करने का आरोप लगाया कि मोदी जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे तब उनकी जाति गुजरात की अन्य पिछड़ा वर्ग सूची में शामिल थी।

पाठक ने कहा कि घांची जाति को 1999 में ओबीसी की सूची में शामिल किया गया था जबकि नरेंद्र मोदी 2001 में मुख्यमंत्री बने थे।




### ईडी की कार्रवाई से डरने वाली नहीं कांग्रेस, सियासी लड़ाई जारी रहेगी: खरगे

**हैदराबाद।** तेलंगाना में विधानसभा चुनाव को लेकर प्रचार अभियान अब चरम की ओर बढ़ रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी महासचिव रणदीप सुरजेवाला बुधवार को राज्य के दौरे पर थे। खरगे ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के 'नेशनल हेराल्ड' अखबार से संबंधित संपत्तियां कुर्क किए जाने की कार्रवाई को लेकर बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी, भाजपासे नहीं डरने वाली और उसे सत्ता से बाहर करने के लिए लड़ाई जारी रखेगी। तेलंगाना के आलमपुर में एक चुनावी सभा में खरगे ने यह दावा भी किया कि प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उस अखबार को बंद करने के बारे में सोचा जिसे देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने शुरू किया था। उन्होंने कहा, अगर वे सोचते हैं कि कांग्रेस डर जाएगी तो यह गलत है। कांग्रेस कभी नहीं डरेगी और वह अंत तक लड़ेगी। जब कांग्रेस अंग्रेजों से नहीं डरी और देश को आजादी दिलाई तो भला भाजपा से क्या डरेगी।

### राहुल पर बरसे अग्रवाल

अग्रवाल ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए राहुल गांधी पर भी तीखा हमला बोला और अशिक्षित और मूल्यहीन व्यक्ति करार दिया, जो 'वैश्विक रूप से सम्मानित' नेता के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी कर रहे हैं। ज्ञात रहे कि आम तौर पर पनौती शब्द ऐसे व्यक्ति के संदर्भ में किया जाता है जो बुरी किस्मत लाता है। उन्होंने कहा कि मोदी का वैश्विक नेता सम्मान करते हैं जबकि उनकी नीतियों ने गरीबों, महिलाओं और किसानों की मदद की है।

### ईडी की ताकत के मामले को बड़ी पीठ को भेजने पर गौर करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि प्रवर्तन निदेशालय की धन शोधन में शामिल संपत्ति को कुर्क करने और गिरफ्तारी की शक्तियों को बरकरार रखने संबंधी 2022 के फैसले को लेकर उसे केवल यह देखना है कि क्या उस पर पांच न्यायाधीशों की बड़ी पीठ के पुनर्विचार करने की आवश्यकता है। केंद्र ने शीर्ष अदालत को बताया कि पीएमएलए देश के लिए एक महत्वपूर्ण कानून है। वहीं, याचिकाकर्ता ने दावा किया कि ईडी एक बेलगाम घोड़ा बन गया है और वह जहां चाहे वहां जा सकता है।न्यायाधीश संजय किशन कौल, न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायाधीश बेला एम त्रिवेदी की पीठ कुछ मापदंडों पर तीन न्यायाधीशों की पीठ द्वारा 27 जुलाई, 2022 के फैसले पर पुनर्विचार के अनुरोध वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। उस फैसले में, शीर्ष अदालत ने पीएमएलए के तहत गिरफ्तारी, धन शोधन में शामिल संपत्ति की कुर्की, तलाशी और जब्ती की ईडी की शक्तियों को बरकरार रखा था।

**चुनाव सभाओं में सियासी हमले हुए तेज**

## रेवंत रेड्डी ने किया था MLA को खरीदने का प्रयास: केसीआर




एजेंसी | कोडंगल (तेलंगाना)

तेलंगाना में विधानसभा चुनावों को लेकर सियासी हमले तेज हो गए हैं। राज्य के मुख्यमंत्री एवं भारत राष्ट्र समिति प्रमुख के. चंद्रशेखर राव ने बुधवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रेवंत रेड्डी पर हमला बोला और आरोप लगाया कि रेड्डी बीआरएस विधायकों को खरीदने का प्रयास करते हुए 50 लाख रुपए के साथ रंगे हाथ पकड़े गए थे।

पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया और जेल में डाल दिया था। विभिन्न स्थानों पर चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए चंद्रशेखर राव ने दावा किया कि अगर कांग्रेस सत्ता में आती है, तो वह एकीकृत भूमि पोर्टल 'धरणी' को बंगाल की खाड़ी में फेंक देगी, जिससे भ्रष्ट अधिकारियों और बिचौलियों का फिर से बोलबाला हो सकता है। ज्ञात रहे कि कोडंगल तेलंगाना की सबसे चर्चित सीटों में से एक है, जहां रेड्डी कांग्रेस के उम्मीदवार हैं। बीआरएस ने विधानसभा चुनावों में पी. नरेंद्र रेड्डी को रेवंत रेड्डी के खिलाफ मैदान में उतारा है। राव ने भविष्यवाणी की कि कांग्रेस को विधानसभा चुनाव में 20 सीटें भी नहीं मिलेंगी और रेवंत रेड्डी मुख्यमंत्री नहीं बनेंगे। उन्होंने कहा, यह सोचकर कांग्रेस को वोट न दें कि रेवंत रेड्डी मुख्यमंत्री बनेंगे। पैसे और शराब के प्रलोभन में न आएं और कांग्रेस को वोट न दें।

**जी 20 वर्चुअल सम्मेलन: इजराइल-हमास मामले में जताई चिंता**

# आतंकवाद कतई बर्दाश्त नहीं: PM मोदी

एजेंसी | नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में व्याप्त असुरक्षा और अस्थिरता पर चिंता जताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि इजराइल-हमास युद्ध क्षेत्रीय संघर्ष का रूप न ले। मोदी ने जी20 नेताओं के डिजिटल शिखर सम्मेलन में कहा कि आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और निर्दोषों, खासकर बच्चों और महिलाओं की हत्याएं स्वीकार्य नहीं हैं। मोदी ने जी20 डिजिटल शिखरा समिट में इजराइल-हमास संघर्ष के संदर्भ में अपने समापन वक्तव्य में ये टिप्पणी कीं। शुरुआती संबोधन में मोदी ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में नई चुनौतियां सामने आई हैं और पश्चिम एशिया में असुरक्षा एवं अस्थिरता की स्थिति चिंता का विषय है।



### एआई के नकारात्मक इस्तेमाल पर चिंता

पीएम मोदी ने डीपफेक को लेकर कहा कि पूरी दुनिया में एआई के नकारात्मक इस्तेमाल को लेकर चिंता बढ़ रही है। भारत की स्पष्ट सोच है कि एआई के वैश्विक नियमन को लेकर हमें मिलकर काम करना चाहिए। डीपफेक समाज और व्यक्ति के लिए कितना खतरनाक है, इसकी गंभीरता को समझते हुए हमें आगे बढ़ना होगा।

### पंजाब, हरियाणा में एनआईए के छापे

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने इस साल अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास पर हुए हमलों की जांच के सिलसिले में बुधवार को पंजाब और हरियाणा में 14 स्थानों पर छापेमारी की। एजेंसी के एक प्रवक्ता ने कहा कि 19 मार्च और दो जुलाई को हुए हमलों के पीछे की पूरी साजिश का पता लगाने के लिए दोनों राज्यों में छापे मारे गए। एनआईए ने पंजाब के मोगा, जालंधर, लुधियाना, गुरदासपुर, मोहाली और पटियाला में छापेमारी की।

### सेना में नारी शक्ति



**नई दिल्ली।** आर्मी मेडिकल कोर की अधिकारी कर्नल सुनीता बीएस ने नई दिल्ली में कर्नल एस वेंकटेशन से आर्म्ड फोर्सेज ट्रांसफ्यूजन सेंटर(एएफटीसी) की कमांडेंट का पदभार संभाला। वह इस पद को संभालने वाली पहली महिला अधिकारी है।

**ड्रिलिंग फिर शुरू, 45 मीटर तक ड्रिलिंग पूरी**

# सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों के लिए आज मुक्ति की भोर संभव

एजेंसी | उत्तरकाशी

निर्माणाधीन सिलक्यारा सुरंग में 10 दिन से अधिक समय से फंसे 41 श्रमिकों को बाहर निकालने का रास्ता तैयार करने के लिए अमेरिकी ऑगर मशीन से ड्रिलिंग फिर शुरू होने से बचाव अभियान में तेजी आ गई है। उत्तराखंड सरकार के विशेष कार्याधिकारी भास्कर खुल्बे बुधवार को यहां बताया कि अमेरिकी ऑगर मशीन से मंगलवार मध्यरात्रि के बाद फिर से ड्रिलिंग शुरू कर दी गई थी और अब तक मलबे के 45 मीटर अंदर तक ड्रिलिंग की जा चुकी है। बताया जा रहा है कि सुरंग के अंदर 53 मीटर तक मलबा है जिसे भेदा जाना है। राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक महमूद अहमद ने संवाददाताओं को बताया कि सुरंग में ड्रिलिंग के दौरान '40 से 50' मीटर का हिस्सा 'बहुत महत्वपूर्ण' है। हम इसे पार कर लें, इसके बाद हम ज्यादा विश्वास से कह सकते हैं। अगर हमें कोई अड़चन नहीं आती और हम इसी गति से चलते रहे तो हमें गुरुवार सुबह तक कोई अच्छी खबर मिल सकती है। इससे पूर्व ऑगर मशीन के शुक्रवार दोपहर को किसी कठोर सतह से टकराने के बाद उससे ड्रिलिंग रोक दी गई थी।



### वैकल्पिक योजना पर भी जारी है काम, क्षैतिज ड्रिलिंग भी

अहमद ने बताया कि वैकल्पिक योजना के तहत सुरंग के बड़कोट छोर की ओर से भी 'क्षैतिज ड्रिलिंग' शुरू की गई है। उन्होंने कहा, तीन ब्लास्टिंग की गई हैं और हम वहां से भी करीब आठ मीटर अंदर प्रवेश कर चुके हैं। सूत्रों के अनुसार सुरंग में ड्रिलिंग के अलावा वैकल्पिक तौर पर सुरंग के ऊपर से ड्रिलिंग करने के लिए भी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उत्तरकाशी जिले में चारधाम यात्रा मार्ग पर निर्माणाधीन सिलक्यारा सुरंग का एक हिस्सा 12 नवंबर को ढह गया था जिससे मलबे के दूसरी ओर श्रमिक फंस गए, जिन्हें निकालने के लिए युद्धस्तर पर बचाव अभियान चलाया जा रहा है।

### 41 बिस्तरों का अस्पताल तैयार

सुरंग में फंसे श्रमिकों के बाहर आने के बाद उनकी देखभाल के लिए बुधवार को चिन्यालीसौड़ में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 41 बिस्तरों का एक अस्पताल तैयार कर लिया गया। बचावकर्मियों को सोमवार को 53 मीटर लंबी छह इंच की पाइपलाइन को मलबे के आरपार डालने में सफलता मिली थी जिसके जरिए ज्यादा भोजन सामग्री श्रमिकों तक पहुंचाई जा रही है।

### देश में सभी निर्माणाधीन सुरंगों का सुरक्षा ऑडिट होगा

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण संरक्षा और उच्चतम गुणवत्ता मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए देशभर में सभी 29 निर्माणाधीन सुरंगों का सुरक्षा ऑडिट करेगा। एक आधिकारिक बयान के अनुसार 'एनएचएआई के अधिकारी, दिल्ली मेट्रो रेल निगम के विशेषज्ञों की एक टीम अन्य सुरंग विशेषज्ञों के साथ देश में जारी सुरंग परियोजनाओं का निरीक्षण करेगी और सात दिन के भीतर एक रिपोर्ट सौंपेंगी। लगभग 79 किलोमीटर की कुल लंबाई के साथ, 29 निर्माणाधीन सुरंगें पूरे देश में फैली हुई हैं। इनमें से 12 सुरंग हिमाचल प्रदेश में, छह जम्मू और कश्मीर में हैं जबकि महाराष्ट्र, ओडिशा, राजस्थान में दो-दो और मध्य प्रदेश, कर्नाटक, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड और दिल्ली में एक-एक सुरंग हैं। इन सभी सुरंगों का सुरक्षा ऑडिट होगा।

### कनाडाई नागरिकों के लिए ई-वीजा सेवा बहाल

**नई दिल्ली।** भारत ने करीब दो महीने के विराम के बाद कनाडाई नागरिकों के लिए इलेक्ट्रॉनिक वीजा सेवा बहाल कर दी है। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सितंबर महीने में भारत और कनाडा के रिश्तों में उस समय तनाव पैदा हो गया था जब कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने ब्रिटिश कोलंबिया में 18 जून को खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संभावित संलिप्तता का आरोप लगाया था।

भारत ने 2020 में निज्जर को आतंकवादी घोषित किया था। भारत ने ट्रूडो के आरोपों को बेतुका बताकर खारिज कर दिया था।



### अपकमिंग मूवी के प्रमोशन के लिए गुलाबी नगरी पहुंचे स्टार ने दिखाए डांस हुक्स

# ‘शॉ’ के ‘कौशल’ पर रीझे जयपुराइट्स

**बेधड़क | जयपुर**

जब अपने फेवरेट स्टार को नजरों के सामने पाया तो यंगस्टर खुशी से झूम उठे। जब स्टार ने उनको स्टेज पर डांस के लिए इनवाइट किया तो युवाओं में होड़ मच गई। सिक्योरिटी ने उनको रोका, लेकिन फिर भी बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स स्टेज पर पहुंच गए और विकी कौशल के साथ डांस करते दिखाई दिए। एक्टर ने जमकर जयपुर के युवाओं के साथ डांस किया। एक्टर विकी कौशल बुधवार को अपनी अपकमिंग मूवी सेम बहादुर के प्रमोशन के लिए गुलाबी नगरी में थे। उन्होंने युवाओं से मूवी के बारे में काफी बातें की।



### फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ पर बेस्ड है मूवी

अभिनेता विकी कौशल की फिल्म सैम बहादुर एक युद्ध ड्रामा फिल्म है, जो भारत के पहले फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ के जीवन पर आधारित है। इसका निर्देशन मेघना गुलजार ने किया है। उन्होंने भवानी अय्यर और शांतनु श्रीवास्तव के साथ मिलकर यह मवी लिखी है। फिल्म में विक्की कौशल फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ की भूमिका में हैं। सैम की पत्नी सिल्लू मानेकशॉ के रूप में सान्या मल्होत्रा नजर आएंगी। इसके अलावा इंदिरा गांधी के रूप में फातिमा सना शेख, जवाहरलाल नेहरू के रूप में नीरज काबी, लॉर्ड माउंटबेटन के रूप में एडवर्ड सोनेनब्लिक और सरदार वल्लभ भाई पटेल का किरदार गोविंद नामदेव निभा रहे हैं।

### विकी के लुक के हुए दीवाने

विकी कौशल ने अपने बीयर्ड लुक से हर उम्र के लोगों को आकर्षित किया। व्हाइट ब्लेजर पहनकर आए अभिनेता ने डैशिंग लुक दिखाए। मवी के प्रमोशन के दौरान उन्होंने कई स्टेप्स दिखाकर अपने डांसिंग स्टाइल को भी शोकेस किया।

### मूवी के डायलॉग्स बोले तो झूमे युवा

अपनी अपकमिंग मूवी के प्रमोशन के दौरान विकी कौशल ने जयपुराइट्स के साथ संवाद किया। इस दौरान यूथ ने उनसे जब मूवी के डायलॉग बोलने की गुजारिश की तो अभिनेता ने उन्हें निराश नहीं किया। उन्होंने न केवल कई डालॉग्स सुनाए, बल्कि उनपर परफॉर्म भी करके दिखाया। जब विकी ने डूबकर संवाद बोले तो जयपुराइट्स झूम उठे।

## श्रीराम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा



**बेधड़क, जयपुर।** अमरलाल साहिब मंडल के तत्वावधान में राजापार्क स्थित सिंधी कॉलोनी के झूलेलाल मंदिर में श्रीराम दरबार, साईं बाबा, साईं पुरसाना राम साहिब की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गई। मंडल अध्यक्ष शंकर लाल आसनानी ने बताया कि गुरुवार को देव उठनी एकादशी पर मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा पूरी होगी। वहीं, बुधवार को 51 महिलाओं की कलश यात्रा शुरू हुई, जो विभिन्न मार्गों से होती मंदिर प्रांगण पहुंचीं। यात्रा को साईं मुकेश साध ने रवाना किया। यात्रा में सुंदर बैंड ने स्वर लहरियां बिखेरीं। पंडित बनवारी लाल शर्मा के आचार्यत्व में 11 पंडितों ने भगवान की मूर्तियों के अनुष्ठान के अंर्तगत अन्नाधिवास, जलाधिवास, घृतादिवास, पुष्पाधिवास, फलाधिवास, धूपादिवास, इत्राधिवास, मिष्ठानाधिवास, वस्त्राधिवास, शय्याधिवास करवाए। इससे पहले मंडल रचना पूजन के तहत गणपति पूजन, षोड्श मातृका, पित्रेश्वर, वास्तु पुरुष, चौसठ योगिनी, क्षेत्रपाल, ब्रह्मादिलोकपंचपाल, सूर्यादिनवग्रह, पुण्यवाचन, सर्वतोभद्र देवता पूजन किया गया। वेदमंत्रों से यज्ञ में आहुतियां मुकेश भावना साध, तुलसी मीनू संगतानी, जितेंद्र कुमार, मनीष हर्षा नारवानी सहित अन्य भक्तों ने दी।

## क्रिसमस के लिए केक मिक्सिंग




**बेधड़क. जयपुर।** दिवाली की खुशियों के बाद अब न्यू ईयर के वेलकम के लिए जयपुराइट्स तैयार हैं और इसकी तैयारी चल रही है। उन्होंने केक बनाने के साथ ही क्रिसमस और न्यू ईयर की तैयारियों में कई एक्टिविटीज शुरू कर दी हैं। ऐसा ही नजारा सीकर रोड स्थित एक होटल में आयोजित केक मिक्सिंग सेरेमनी का रहा। होटल के जनरल मैनेजर ने बताया कि आयोजन हर साल क्रिसमस व न्यू ईयर से पहले किया जाता है। इस बार कार्यक्रम में शहर के ब्लॉगर्स, सिंगर्स, मॉडल्स व अन्य लोगों ने हिस्सा लिया और मिलकर केक मिक्सिंग करते हुए खुशियां बांटी। इन खुशी के पलों को और भी मजेदार बनाने के लिए गेट टुगेदर रखा गया, जिसमें लाइव म्यूजिक खास रहा और सभी ने डांस व फूड को एंजॉय करते हुए विशेज दीं।

## पर्पल हेरोन क्वार्टर फाइनल्स में



**बेधड़क, जयपुर।** स्पोफिट एकेडमी में चल रही निविक डीबीएल के मैचेज रोमांचक दौर में है। लीग आयोजन सचिव अनिल यादव ने बताया कि मैचेज में पर्पल हेरोन टीम ने सवाई चैंप्स को 3-2 से हराकर व सुवीरा यूरोशूटर्स ने एचसीजी हॉस्पिटल को 3-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। लीग संयोजक डॉ. हरीश भारद्वाज ने बताया कि वुमन कैटेगिरी में शुभम केयर ने इंडस हॉस्पिटल को 3-2 से हराया। बॉयज कैटेगरी में केडिया होटशोट ने आंच टाइटंस को 3-2 से व आइकन हॉस्पिटल ने जयपुर यूरोलॉजी हॉस्पिटल को 3-2 से हराया। आयोजन सचिव डॉ. हनुमान खोजा ने बताया कि प्रतियोगिता योग्य व अनुभवी निर्णायक दल के द्वारा खिलाई जा रही है।

## रिमी सेन ने सराहा कलेक्शन



**बेधड़क. जयपुर।** बॉलीवुड अभिनेत्री रिमी सेन रामाज के डिजाइनर कलेक्शन को देखकर काफी प्रभावित हुई। उन्होंने कलेक्शन की तारीफ भी की। अभिनेत्री ने विजिट के दौरान रामाज कुर्ती और रिसोर्ट के मोहित टेलर और सोहित टेलर ने मुलाकात की। दोनों ने रिमी सेन को अपनी कुर्तीज और रिसोर्ट के बारे में बताया। गौरतलब है कि रिमी सेन ‘बागबान’, ‘हंगामा’, ‘धूम’, ‘क्योंकि’, ‘फिर हेरा फेरी’ जैसी कई फिल्मों में सलमान खान, अमिताभ बच्चन और अक्षय खन्ना जैसे बड़े एक्टर्स के साथ काम कर चुकी हैं।

# City इवेंट्स

## शास्त्रीय गायन वर्कशॉप 28 से



**बेधड़क. जयपुर।** जवाहर कला केन्द्र की ओर से कला संसार मधुरम के तहत 28 नवंबर से 7 दिसंबर तक ध्रुवपद गायन ट्रेनिंग वर्कशॉप में युवाओं को विभिन्न विशेषज्ञ टिप्स देंगे। 10 दिवसीय कार्यशाला में विशेषज्ञ प्रो. (डॉ.) मधु भट्ट तैलंग ध्रुवपद गायन की ट्रेनिंग देते हुए इस कला की बारीकियां सिखाएंगी। इसके लिए प्रतिभागी जेकेके से ऑफलाइन आवेदन भरकर निःशुल्क कार्यशाला में हिस्सा ले सकेंगे। आवेदन की लास्ट डेट 27 नवंबर तय की गई है। गौरतलब है कि मधु भट्ट तैलंग ध्रुवपदाचार्य पं. लक्ष्मण भट्ट तैलंग की शिष्या हैं। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में हिस्सा लेने से प्रतिभागियों को ध्रुवपद के मूलभूत ज्ञान के साथ शास्त्रीय गायन की बारीकियां सीखने को मिलेंगी।

## पर्यावरण प्रेमी आज करेंगे श्रमदान

**बेधड़क, जयपुर।** पर्यावरण प्रेमी हरियाली बढ़ाने के लिए प्रयास करते हुए गुरुवार को एक्टिविटीज विभिन्न एक्टीविटीज करेंगे। इसके लिए टीम-10 विद्याधर नगर के सेक्टर 1 में खंडेलवाल टावर के पीछे वाली ग्रीन बेल्ट में श्रमदान करेगी। वहीं, एक अन्य टीम सेक्टर एक में जैन मंदिर वाले पार्क में श्रमदान करेंगी। साथ ही युवाओं की ओर से पानी के टैंकरों से पानी की व्यवस्था करते हुए पेड़ों की सार-संभाल की जाएगी। इसके लिए सुबह 6:15 से 8:15 बजे तक का समय रखा गया, जिसमें बड़ी संख्या में टीम के मैंबर्स श्रमदान करेंगे।


## तनिष्का को मिला गोल्ड मेडल




**बेधड़क, जयपुर।** जयपुर के भारतीय विद्या भवन विद्याश्रम जयपुर केंद्र की क्लास 9 की स्टूडेंट तनिष्का श्रीवास्तव को कथक नृत्य ओलंपियाड में गोल्ड मेडल मिला। चुलालोंगकोर्न विश्वविद्यालय बैंकॉक थाईलैंड में उन्हें यूनेस्को के सहयोग से गोल्डन स्टार किड का विशेष पुरस्कार भी दिया गया और 2024 में पेरिस में प्रदर्शन करने का मौका दिया गया है।

### JKK की सुकृति आर्ट गैलरी में सजा कला संसार

# ग्रुप एग्जीबिशन में 6 कलाकारों ने कलाकृतियों से दिए मैसेज



**बेधड़क | जयपुर**

जवाहर कला केंद्र की सुकृति आर्ट गैलरी में हुई ‘छपाक’ नाम से ग्रुप एग्जीबिशन में जीवन के विभिन्न रंग देखने को मिले। साथ ही कई कलाकारों ने कला को प्रोत्साहित किया। कलाकार विद्यासागर उपाध्याय, मीनू श्रीवास्तव, अशोक सिंह, भवानी शंकर शर्मा, नाथू लाल वर्मा, अशोक आत्रेय, डॉ. लोकेश जैन, मोनिका शारदा आदि ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। सभी ने भाग लेने वाले छः कलाकार धर्मेंद्र राठौड़, मणि भारतीय, अमिता राज गोयल, रंजन कुमार मलिक, जगदीश प्रसाद मीणा व महेश स्वामी की कलाकृतियों की तारीफ करते हुए सफलता की बधाई दी। वहां वरिष्ठ कलाकार धर्मेंद्र राठौड़ की कलाकृतियो ने जहां मानव और प्रकृति के बीच का संघर्ष को दर्शाया वहीं आधुनिक शैलियों का एक अनूठा मिश्रण देखने को मिला।

डॉ. जगदीश प्रसाद मीणा की कलाकृति ‘फैमिली बॉन्डिंग’ प्रदर्शित की गई। वो पारिवारिक सभी विषय के इर्द-गिर्द ताना-बाना बनते हुए अलग-अलग किरदार में नजर आईं। डॉ. रंजन कुमार मल्लिक की कृतियां एक वर्ण से सरल शैली में टेक्सचर को संयोजित रहीं।

कहीं चेहरे झांकते नजर आए तो अधिकांश कलाकृतियां एक सी लगीं। डॉ. अमिता राज गोयल की कलाकृतियां भाव-संवेदनाओं व्यक्त करती रहीं। डॉ. मणि भारतीय की जानी-पहचानी शैली पेपर कोलाज के साथ उपस्थित रहे।

## रणबीर कपूर की ‘एनिमल’ को ‘ए’ सर्टिफिकेट




**जयपुर।** रणबीर कपूर की अपकमिंग मूवी एनिमल को सेंसर बोर्ड ने ए सर्टिफिकेट दिया है। ऐसे में यह फिल्म बच्चे नहीं देख पाएंगे। इस मूवी को लेकर लोगों में जबरदस्त क्रेज है, लेकिन ए सर्टिफिकेट मिलने से इसके बॉक्स ऑफिस कलेक्शन पर प्रभाव पड़ सकता है। इसके साथ ही फिल्म की एक खास बात और है इसकी लंबाई। यह मूवी साढ़े तीन घंटे की है। ऐसे में इसका इंटरवल ही पौने दो घंटे बाद होगा। रणबीर कपूर की इस मूवी के डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा हैं जो साउथ के जाने-माने डायरेक्टर हैं। इस मूवी में रणबीर कपूर के अपोजिट पुष्पा फिल्म से चर्चा में आए नेशनल क्रश रश्मिका मंदाना है।

**धरती धोरां री** | बाल और वरिष्ठ कलाकारों ने पेश किए लोक संस्कृति के विभिन्न रंग

# हस्तशिल्प के जीवंत प्रदर्शन के संग सुर-ताल का दरिया

**बेधड़क | जयपुर**

जयपुर के स्टेज पर मांगणिहार समुदाय के 15 बाल और 11 वरिष्ठ कलाकारों के ग्रुप ने धोरां री धरती के एक से बढ़कर एक गीतों की तान से कला प्रेमियों को झूमने पर मजबूर कर दिया। दर्शकों ने भी कलाकारों के साथ अपने स्थान से ही तान से तान मिलाई। ये अनूठा नजारा दिखाई दिया इनफोसिस और भारतीय विद्या भवन की ओर से आयोजित किया जा रहे 7 दिवसीय लोक संस्कृति महोत्सव ‘धरती धोरां री’के अंतिम दिन। जब मांगणिहार की परफॉर्मेंस दिलों में घर कर गई।



अंतिम दिन विभिन्न हस्तशिल्प के जीवंत प्रदर्शन के नाम रहा।

इस दिन सुबह से ही परिसर करीब 700 स्टूडेंट्स की चहल कदमी से आबाद था। महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम के बाहर बने विशाल पंडाल में खनूम सिरेमिक्स के कलाकारों ने सिरेमिक पेंटिंग, हरीश क्लेज ने जयपुर की अराइश कला, प्रियंवदा गोलेछा ने क्ले मॉडलिंग, लूणकरणसर से आए माने खां ने ग्लब्स पुतली तथा नानूराम भाट ने लकड़ी की पपेट कला का जीवंत प्रदर्शन किया।

### स्टूडेंट्स को दी कला की जानकारी

भारतीय विद्या भवन जयपुर केंद्र चेयरमैन विमल चंद सुराना और कार्यक्रम सचिव राजेन्द्र सिंह पायल ने बताया कि उत्सव के दौरान अलग-अलग दिनों में प्रदेश की अनेक पारंपरिक हस्त कलाओं और मूर्तिकला के कलाकारों ने स्टूडेंट्स को इन विधाओं की जानकारी दी, जो उनके लिए काफी उपयोगी रही। शाम को ऑडिटोरियम में हुए समापन समारोह में कलाकारों के क्लास रूम का आयोजन किया गया, जिसमें बाड़मेर के लोक गायक हारून खां के निर्देशन में पहले मांगणियार समुदाय के कलाकारों ने अनेक चर्चित लोक गीतों का गायन किया। निर्देशक की ओर से गीत की पहली पंक्ति गाने के साथ ही सभी बच्चे उस गीत को पूरे जोश और खरोश के साथ गाने लग जाते और बीच-बीच में उनके पीछे वरिष्ठ कलाकार लोक वाद्यों की धुन से इनकी हौंसला अफजाई करते रहे।

### वरिष्ठ कलाकारों ने सुनाए चर्चित गीत

बच्चों के 4 गीतों के बाद नंबर आया मंच पर मौजूद 11 वरिष्ठ कलाकारों का, जिसमें हारू खां, जसु खां, जमील खां, शेरू खां, भुट्टा खां, गिरधारी लाल, मूला राम, मुमताज खां, समीर खां, मजी खां और केजा खां ने राजस्थानी धरती की सौंधी महक से सराबोर गीत नीबूड़ा नीबूड़ा, झिर-झिर बरसे मेह और बहु चर्चित गीत मेरा पिया घर आया ओ राम जी को लोकशैली में प्रस्तुत किया। अंत में मंच पर मौजूद सभी 26 कलाकारों ने दमादम मस्त कलंदर को अल मस्त अंदाज में झूमते हुए सुनाया। अंतिम दिन समारोह का उद्घाटन साहित्यकार नंद भारद्वाज और भारतीय विद्या भवन के वॉइस चेयरमैन राजीव जैन ने दीप प्रज्वलित कर किया।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, गुरुवार, 23 नवंबर, 2023





उम्मीद कभी संसार से नहीं, संसार को रचने वाले से होनी चाहिए।

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

## 150 फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई के बदले गाजा में बंधक बनाए गए 50 लोगों की होगी रिहाई

# इजराइल और हमास में सीजफायर डील को मंजूरी



### इजराइल ने जारी की 300 फिलिस्तीनियों की सूची

इजराइल ने 300 फिलिस्तीनियों की सूची जारी की है जिन्हें इजराइल और हमास के इस समझौते के तहत रिहा किया जा सकता है। यह सूची इजराइल के न्याय मंत्रालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। सूची में शामिल लोगों के नाम, उम्र और अपराध का जिक्र है। पहले चरण में सिर्फ 150 कैदियों की रिहाई की संभावना है।



**एजेंसी** | यरुशलम

इजराइल की कैबिनेट ने फलस्तीन के चरमपंथी संगठन हमास के साथ युद्धविराम को बुधवार को मंजूरी दी, जिससे छह सप्ताह से जारी विध्वंसकारी युद्ध में कुछ दिन के लिए रोक लगेगी और गाजा पट्टी में बंधक बनाए गए लोगों की रिहाई के बदले इजराइल की जेलों में बंद फलस्तीन के कैदियों को छोड़ा जाएगा। इजराइली सरकार ने कहा कि समझौते के तहत हमास गाजा पट्टी में बंधक बनाए गए लगभग 240 बंधकों में से 50 को चार दिन में रिहा करेगा।

सरकार ने कहा कि पहले बच्चों और महिलाओं को रिहा किया जाएगा। समझौता लागू होने पर यह पहली बड़ी कूटनीतिक जीत होगी और सात अक्टूबर को इजराइल पर हमास के हमले के बाद से शुरू हुए युद्ध में विराम लगेगा।

### युद्ध जारी रहेगा: नेतन्याहू

कैबिनेट में मतदान से पहले प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि युद्ध विराम समाप्त होने के बाद इजराइल हमास पर हमले फिर से शुरू करेगा। उन्होंने कहा कि समझौता इजराइल की सेना के अभियान से हमास पर दबाव बढ़ने का नतीजा है। उन्होंने कहा कि हमास को खत्म करने, सभी बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने और इजराइल की सुरक्षा को गाजा से कोई खतरा नहीं होने की पुष्टि समेत सारे लक्ष्य हासिल होने तक युद्ध जारी रहेगा। इजराइल के प्रधानमंत्री ने कहा कि हम युद्ध कर रहे हैं और सारे लक्ष्य हासिल होने तक युद्ध जारी रहेगा।



### 50 महिला और बच्चों को चार दिनों में किया जाएगा रिहा

प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा कि गाजा में बंधक बनाई गईं 50 महिलाओं और बच्चों को चार दिनों में रिहा किया जाएगा, इस दौरान युद्ध विराम रहेगा। हर 10 अतिरिक्त बंधकों की रिहाई पर युद्ध विराम अगले दिन के लिए बढ़ा दिया जाएगा। हालांकि इसमें रिहा किए जाने वाले फिलिस्तीनी कैदियों की संख्या का जिक्र नहीं है। एक बयान के अनुसार इजराइल की सरकार सभी बंधकों की घर वापसी के लिए प्रतिबद्ध है। अंतिम मंजूरी के बाद 24 घंटे तक समझौते को लागू नहीं किया जा सकता है क्योंकि इजराइल का कानून जनता को किसी समझौते के खिलाफ उच्चतम न्यायालय जाने की अनुमति देता है।


## जापानी सरकार ने जारी की आपातकालीन चेतावनी

# उत्तरी कोरिया ने लॉन्च किया स्पाई सैटेलाइट

**एजेंसी** | सियोल

उत्तर कोरिया ने बुधवार को दावा किया कि उसने अपना पहला जासूसी उपग्रह कक्षा में स्थापित कर दिया है। उसने अपने 'दुश्मनों के खतरनाक सैन्य युद्धाभ्यास' से बचाव के लिए और प्रक्षेपण करने की कसम की घोषणा की। विश्लेषकों ने कहा कि यदि अंतरिक्ष यान काम करता है तो यह उत्तर कोरिया की सैन्य क्षमताओं में काफी सुधार कर सकता है, जिसमें दुश्मन की सेनाओं को अधिक सटीक रूप से टारगेट करने में सक्षम बनाना भी शामिल है। कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) के अनुसार, 'मल्लीगयोंग-1' नामक उपग्रह को एक नए कैरियर रॉकेट 'चोलिमा-1' पर लॉन्च किया गया। केसीएनए की रिपोर्ट में कहा गया कि आत्मरक्षा के अधिकार को मजबूत करने के लिए टोही उपग्रह का प्रक्षेपण उत्तर कोरिया का कानूनी अधिकार है।





### अमेरिका ने कड़े शब्दों में की निंदा

अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की प्रवक्ता एड्रिएने वाटसन ने कहा कि अमेरिका इस प्रक्षेपण की कड़े शब्दों में निंदा करता है। उन्होंने कहा कि यह तनाव बढ़ाता है और क्षेत्र तथा उसके बाहर सुरक्षा को अस्थिर करने का जोखिम पैदा करता है। दक्षिण कोरिया और जापान के अनुसार उपग्रह ले जाने वाला रॉकेट कोरियाई प्रायद्वीप के पश्चिमी तट और जापानी द्वीप ओकिनावा के ऊपर से प्रशांत महासागर की ओर उड़ा। जापानी सरकार ने ओकिनावा के लिए 'जे-अलर्ट मिसाइल चेतावनी' जारी की और अपने नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर रहने का आग्रह किया।

### किम जोंग ने टीम को दी बधाई

राष्ट्रीय एयरोस्पेस प्रौद्योगिकी प्रशासन ने इस प्रक्षेपण को आत्मरक्षा की क्षमता बढ़ाने का उत्तर कोरिया का वैध अधिकार करार दिया। एजेंसी ने कहा कि देश के नेता किम जोंग उन ने प्रक्षेपण देखा और वैज्ञानिकों को बधाई दी। उसने कहा कि उत्तर कोरिया दक्षिण कोरिया और अन्य पर निगरानी के लिए ऐसे और जासूसी उपग्रह प्रक्षेपित करता रहेगा।

## हिज्बुल्ला के ठिकानों पर अमेरिका ने दागी मिसाइल

**वाशिंगटन।** गाजा में हमास के खिलाफ इजराइल के अभियानों के साथ-साथ अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाने के जवाब में अमेरिका के लड़ाकू विमानों ने इराक में हिज्बुल्ला के दो ठिकानों पर हवाई हमला किया। दो रक्षा अधिकारियों ने बताया कि हिज्बुल्ला की ओर से अमेरिकी सैनिकों पर कम दूरी की बैलस्टिक मिसाइल दागी गई। अधिकारियों ने नाम न उजागर करने की शर्त पर बताया कि अमेरिकी लड़ाकू विमानों ने बगदाद के दक्षिण में अल अनबर और जुरफ अल सकर के पास दो कताइब हिज्बुल्ला संचालन केंद्रों पर हमला किया। जिस समय हमला किया गया, दोनों जगहों पर कताइब हिज्बुल्ला के जवान वहां मौजूद थे, लेकिन अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि नहीं की है कि हमले में कोई मारा गया है या नहीं।

## पाक सरकार ने जारी किया आदेश

# इमरान-बुशरा के देश छोड़ने पर रोक

■ 28 जनों के नाम ECL में डालने की सिफारिश

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी के देश छोड़कर जाने पर रोक लगा दी गई है। पाकिस्तानी संघीय कैबिनेट की एक उपसमिति ने बुधवार को अल कादिर ट्रस्ट मामले में पीटीआई अध्यक्ष इमरान खान और 28 अन्य के नाम एक्जिट कंट्रोल लिस्ट में रखने की सिफारिश की।

इस मामले में आरोप लगाया गया है कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी ने 50 अरब रुपए को वैध बनाने के लिए बहरिया टाउन लिमिटेड से अरबों रुपए और सैकड़ों कनाल की जमीन प्राप्त की। इमरान को अल कादिर ट्रस्ट मामले में इस साल की शुरुआत में इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के परिसर से गिरफ्तार किया गया था, लेकिन बाद में सुप्रीम कोर्ट ने उनकी गिरफ्तारी को गैरकानूनी घोषित कर दिया था। इस कारण इमरान खान को मजबूरी में रिहा करना पड़ा था। बाद में उन्हें चुनावी चंदे और गुप्त राजनयिक पत्रों को सार्वजनिक करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।



### क्या है अल कादिर ट्रस्ट केस

इस साल की शुरुआत में पूर्व आंतरिक मंत्री राणा सनाउल्लाह ने इमरान और उनकी पत्नी पर मनी लॉन्ड्रिंग मामले में रियल एस्टेट फर्म को बचाने के लिए 5 अरब रुपए और सैकड़ों कनाल जमीन लेने का आरोप लगाया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि बहरिया टाउन ने ब्रिटेन में एक पाकिस्तानी नागरिक को 50 अरब रुपए अवैध रूप से ट्रांसफर किए गए। सनाउल्लाह ने कहा था कि इस ट्रांसफर की पहचान ब्रिटेन की राष्ट्रीय अपराध एजेंसी ने की थी, जिसने बाद में तत्कालीन सरकार को अपराध की जानकारी दी थी।

## अमेरिका: राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने जताई चिंता

# रूस को बैलिस्टिक मिसाइल दे सकता है ईरान

**एजेंसी** | वाशिंगटन

व्हाइट हाउस ने इस बात को लेकर चिंता जताई कि ईरान यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस की मदद के लिए उसे बैलिस्टिक मिसाइल दे सकता है, जो यूक्रेन के लोगों के लिए खतरनाक हो सकता है।

राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा कि ईरान पहले से रूस को ड्रोन, लक्षित हवाई बम और गोला बारूद मुहैया करा रहा है और संभवतः वह रूस का समर्थन करने की दिशा में आगे बढ़ने का विचार कर रहा है। किर्बी ने सितंबर में हुई बैठक का जिक्र किया जिसमें ईरान ने रूस के रक्षा मंत्री की मेजबानी की थी और कई बैलिस्टिक मिसाइलों का प्रदर्शन किया था। किर्बी ने कहा कि हम बात को लेकर चिंतित हैं कि ईरान संभवतः रूस को बैलिस्टिक मिसाइल उपलब्ध कराने पर विचार कर रहा है जिसका इस्तेमाल वह यूक्रेन के खिलाफ कर सकता है। उन्होंने कहा कि इस समर्थन के बदले रूस ईरान को मिसाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स और हवाई रक्षा समेत अभूतपूर्व रक्षा सहयोग की पेशकश कर सकता है। किर्बी की यह चेतावनी ऐसे वक्त आई है जब अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने यूक्रेन की रक्षा जरूरतों के मद में आपात अमेरिकी कोष से 61 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक की राशि देने का अनुरोध किया था, कांग्रेस ने इसे अभी इसे मंजूरी नहीं दी है।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl